

MPHIN/2021/83938

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 324 | ग्वालियर,सोमवार 05 अगस्त 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार-ट्रक की भिड़ंत, अंतिम संस्कार कर लौट रहे रतलाम के 4 लोगों की मौत



रतलाम जिले के आलोट का एक परिवार अंतिम संस्कार के लिए ऋषिकेश गया था, अंतिम संस्कार कर वापस लौटते हुए उनकी कार ट्रक में घुसने से दुर्घटना का शिकार हो गई. हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया.

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है.

**अंतिम संस्कार कर लौट रहा था परिवार**-रतलाम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आलोट के रहने वाली राधाबाई प्रजापति पिछले दिनों ऋषिकेश की यात्रा पर गई थी, जहां पर कथा में उनको शामिल होना था. इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और हृदय गति रुकने से राधाबाई की मौत हो गई.

जब विक्रमगढ़ आलोट में रहने वाले राधाबाई के परिवार वालों को इस बात की जानकारी लगी तो वे कार से ऋषिकेश पहुंचे. ऋषिकेश में राधाबाई प्रजापति का अंतिम संस्कार किया गया. इसके बाद पूरा परिवार कार में सवार होकर ऋषिकेश से आलोट लौट रहा था.

**सवाई माधोपुर में कार ट्रक में घुसी**-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बनास नदी के समीप सवाई माधोपुर इलाके में कार ट्रक में घुस गई. इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. जैसे ही इस दुर्घटना की जानकारी आलोट में रहने वाले पीड़ित परिवार के सदस्यों को लगी तो वे वाहन से राजस्थान के लिए रवाना हो गए. राजस्थान पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. उसकी तलाश की जा रही है.

**भाई-बहन समेत चार की मौत**-सड़क दुर्घटना में जिन चार लोगों की मौत हुई है, इनमें दो सगे भाई बहन है. पुलिस के मुताबिक मृतकों के नाम मोनिका प्रजापत, रेखा प्रजापत, धामू प्रजापत और राजेंद्र प्रजापत है. दुर्घटना में वाहन चालक शकील, पायल, बुलबुल, ज्योति, ललिता, कृष्णा को चोट आई है. पुलिस के मुताबिक, यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी

# सीएम मोहन यादव का रक्षाबंधन पर्व से गहरा नाता, उज्जैन में हर साल 25 हजार बहनें बांधती हैं राखी

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सावन के महीने में ही रक्षाबंधन पर्व मनाना शुरू कर दिया है.

भाई और बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को लेकर मध्य प्रदेश में पहले कभी सरकार की इतनी गहरी भूमिका देखने को नहीं मिली थी. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सावन के महीने में ही रक्षाबंधन पर्व मनाना शुरू कर दिया है. मध्य प्रदेश के सभी जिलों में जनप्रतिनिधि खास तौर पर विधायक और मंत्री बहनों के बीच जाकर रक्षाबंधन पर्व मनाएंगे. रक्षाबंधन पर्व से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का गहरा नाता रहा है.दरअसल, दो दशक पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में पूरे महीने रक्षाबंधन पर्व मनाने की शुरुआत की थी, उस समय वह विधायक भी नहीं थे. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उन गरीब मोहल्ले में जाकर रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत की थी, जहां पर महिलाओं के भाई नहीं थे. उन्होंने महिलाओं से रक्षाबंधन पर्व पर राखी बंधवा कर उनकी समस्याओं को सुना और उसे दूर करने का सफल प्रयास किया. जैसे ही कुछ महिलाओं की समस्याएं दूर हुई, उनके माध्यम से पूरे विधानसभा क्षेत्र में धीरे-धीरे यह बात फैल गई. इसके बाद सभी वर्ग की महिलाएं डॉक्टर मोहन यादव को राखी बांधने के लिए आगे आती रहीं. रक्षाबंधन पर्व से इसकी शुरूआत हुई मगर जब राखी बांधने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ती चली गई तो इसे कुछ दिन पहले से शुरू किया गया. धीरे-धीरे महिलाओं की संख्या हजारों में पहुंच गई, जिसके बाद पूरे सावन महीने में डॉक्टर मोहन यादव द्वारा रक्षाबंधन पर्व मना कर बहनों के बीच अधिकांश समय व्यतीत किया जाने लगा.

**अपने वेतन से बहनों के लिए खरीदे गिफ्ट**-मोहन यादव जब विधायक बन गए तो उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं को जोड़कर महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व का उपहार वितरित करना शुरू कर दिया. इसके पहले खुद और परिवार के खर्चे पर उपहार वितरित करते थे. उन्होंने विधायक बनने के बाद मिलने वाले वेतन को भी रक्षाबंधन पर्व पर खर्च करना शुरू कर दिया.

महिलाएं उनके पास आकर कई प्रकार की समस्याएं रखती थीं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास जब आवास की सुविधा पहुंची तो उन्होंने प्रधानमंत्री आवास



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विधानसभा क्षेत्र में ही 25000 बहनें हैं जो हर साल उन्हें राखी बांधती हैं. विधानसभा क्षेत्र के अलावा उज्जैन उत्तर और बड़नगर से भी कई बहाने उन्हें राखी बांधने आती रही हैं. मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉक्टर मोहन यादव को प्रदेश भर की महिला राखी बांधकर भाई बना रही हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जब रक्षाबंधन पर्व पर उज्जैन में राखी बंधवाने की शुरुआत की थी उस समय योजना के जरिए हजारों महिलाओं को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई. बीजेपी नेता नरेश शर्मा के मुताबिक 2500 से ज्यादा बहनों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री कार्यकाल में मिल चुका है. इसके अलावा हजारों महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ भी सीधे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यकाल मिला है.

**मध्य प्रदेश के सभी जिलों में जनप्रतिनिधि खास तौर पर विधायक और मंत्री बहनों के बीच जाकर रक्षाबंधन पर्व मनाएंगे. रक्षाबंधन पर्व से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का गहरा नाता रहा है.दरअसल, दो दशक पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में पूरे महीने रक्षाबंधन पर्व मनाने की शुरुआत की थी, उस समय वह विधायक भी नहीं थे. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उन गरीब मोहल्ले में जाकर रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत की थी, जहां पर महिलाओं के भाई नहीं थे. उन्होंने महिलाओं से रक्षाबंधन पर्व पर राखी बंधवा कर उनकी समस्याओं को सुना और उसे दूर करने का सफल प्रयास किया**

### जल निकासी की मात्रा बढ़ाकर 13 गेटों से 1 लाख 12 हजार 160 क्यूसेक पानी की निकासी की जाएगी.

# भारी बारिश के बीच आज खोले जाएंगे बरगी बांध के गेट, छोड़ा जाएगा 1 लाख 12 हजार क्युसेक पानी

राजधानी भोपाल सहित आसपास के जिलों में लगातार बारिश का दौर जारी है. जिसकी वजह से डैमों के गेट खोले जा रहे हैं. आज दोपहर 1 बजे रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए इसके चार स्पिल-वे गेट खोले जाएंगे. जल निकासी की मात्रा बढ़ाकर 13 गेटों से 1 लाख 12 हजार 160 क्यूसेक पानी की निकासी की जाएगी.

बरगी बांध के कार्यपालन यंत्री अजय सूरे के अनुसार आज रविवार 4 अगस्त की सुबह बांध का जलस्तर 421.25 मीटर रिकार्ड किया गया था, जो ऑपरेशनल मैन्युल के अनुसार 15 अगस्त तक निर्धारित 421 मीटर से अधिक है. उन्होंने बताया कि कैचमेंट एरिया में हो रही बारिश के कारण बांध 88 प्रतिशत भर चुका है. बांध के बैक वाटर से मंडला में नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर हो गया है.



#### वॉटर लेवल मेंटेन करने छोड़ा जा रहा पानी-

यंत्री अजय सूरे ने बताया कि बांध में वर्तमान में 4 हजार 523 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है. परियोजना प्रशासन ने बांध के जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए रविवार 4 अगस्त की दोपहर 1 बजे जल निकासी की मात्रा बढ़ाने का निर्णय लिया है. इसके लिए बांध के चार जलद्वार और खोले जाएंगे तथा कुल 13 गेटों से 3 हजार 176 क्युमेक 1 लाख 12 हजार 160 क्यूसेक पानी की निकासी की जाएगी. सभी 13 गेटों को औसतन 1.96 मीटर ऊंचाई तक खोला जाएगा. अभी बांध के 1.72 मीटर औसत ऊंचाई तक खुले नौ गेटों से 76 हजार 986 क्यूसेक 2 हजार 180 क्यूमेक पानी छोड़ा

# सागर में दीवार ढहने से 9 मासूमों ने गंवाई जान, मामले में कलेक्टर दीपक आर्य का बड़ा खुलासा,

मध्य प्रदेश के सागर के शाहपुर इलाके में दीवार गिरने की घटना को लेकर कलेक्टर दीपक आर्य ने बड़ा खुलासा किया है. उनका कहना है कि सागर में लगातार 30 घंटे से बारिश हो रही है. यहां पर सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है और इसी वजह से पुराने जर्जर मकान की दीवार ढह गई. इस हादसे को लेकर कलेक्टर ने जांच शुरू करवा दी है.सागर के शाहपुर इलाके में हरदोई शिव मंदिर के पास भागवत कथा के दौरान शिवलिंग बना रहे विद्यार्थियों पर पुराने जर्जर मकान की दीवार गिर गई. इस हादसे में नौ बच्चों की मौत हो गई है. इस पूरे मामले को लेकर सागर के कलेक्टर दीपक आर्य ने एबीपी न्यूज़ से बातचीत की. उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि मकान काफी पुराना था, लेकिन बारिश भी इसके गिरने का एक बड़ा कारण है.



**कलेक्टर ने क्या कहा**-उन्होंने बताया कि पिछले 30 घंटे से सागर में लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिसकी वजह से मकान की दीवार ढह गई और बच्चों पर दीवार गिर गई. उन्होंने यह भी कहा कि नौ बच्चों की मौत हुई है और दो बच्चे घायल हैं, जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है. कलेक्टर दीपक आर्य के मुताबिक जिन दो बच्चों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, उनकी हालत खतरे से बाहर है.

**घायल बच्चों ने दी ये जानकारी**-इस हादसे में घायल बच्चों से कलेक्टर दीपक आर्य ने अस्पताल पहुंचकर बातचीत की. कलेक्टर ने एबीपी न्यूज़ से बताया कि जहां पर भागवत कथा चल रही थी

# मध्य प्रदेश में जमकर बरसेंगे बादल 7 जिलों में अतिभारी बारिश का अलर्ट, नदियां उफान पर, प्रशासन सचेत

#### इन जिलों में होगी मध्यम बारिश

**-मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में मध्यम बारिश होगी. जिनमें विदिशा, इंदौर, खंडवा, उज्जैन, मंडला, उमरिया, डिंडोरी, शहडोल, सतना, छतरपुर जिले शामिल है.**

मध्य प्रदेश के सात जिलों में मौसम विभाग ने अतिभारी बारिश के संकेत देते हुए अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा 13 जिलों में भारी बारिश के संकेत दिए गए हैं. मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से प्रमुख नदियां उफान पर है. मौसम विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश में अभी बारिश से राहत मिलने की संभावना कम है. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी कई जिलों में भारी बारिश के संकेत अभी से दे दिए हैं.

जिलों पर बारिश के संकेत मिलने के बाद यह संभावना है कि नर्मदा का जलस्तर और भी ऊपर जा सकता ह



#### इन जिलों में होगी बारिश

-मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 24 घंटे में रायसेन राजगढ़, सीहोर, नर्मदा पुरम, दमोह, कटनी, नरसिंहपुर जिले में अतिभारी बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की भी संभावना है. जिसमें शाजापर, आगर मालवा, गुना, देवास, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, भोपाल जिले शामिल है. इसके अलावा जबलपुर, सिवनी, मेहर, पन्ना में भी भारी बारिश की संभावना

#### इन जिलों में होगी हल्की बारिश-

**मध्य प्रदेश में अति भारी बारिश और भारी बारिश के साथ-साथ मध्यम और हल्की बारिश को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है. उन जिलों में नीमच, मंदसौर, बुरहानपुर, सागर, शिवपुरी, श्योपुर, बालाघाट, अनूपपुर, सीधी, रीवा, टीकमगढ़, धार, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर और अशोक नगर के जिले शामिल है.मौसम विभाग की मानें तो 1 जून से 3 अगस्त कर मध्य प्रदेश में 14 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है. पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 6 प्रतिशत ज्यादा और पश्चिमी मध्य प्रदेश में औसत से 21 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है.**

# इंदौर में 35 लाख की लूट का पुलिस ने किया खुलासा, कांट्रेक्टर कंपनी के कर्मचारी ही निकले मास्टरमाइंड

मध्य प्रदेश के इंदौर के लसूड़िया इलाके में शुक्रवार (2 अगस्त) को एक रोड ठेकेदार के दो कर्मचारियों से बाइक सवार तीन लोगों ने चाकू की नोक पर दिनदहा? 35 लाख रुपये लूट लिए थे. अब घटना के एक दिन बाद शनिवार (3 अगस्त) को पुलिस ने मामले का खुलासा किया है. पुलिस का कहना है कि इस लूट का मास्टरमाइंड ठेकेदार का एक कर्मचारी ही है. पुलिस ने कर्मचारी समेत चार युवकों को गिरफ्तार किया है.डीसीपी (जोन-2) अभिनय विश्वकर्मा ने मीडिया को बताया कि सड़क ठेकेदार रणवीर सिंह के कर्मचारी सोनू बोरासी और अशोक से 35 लाख रुपये लूटे गए थे. दरअसल, ठेकेदार रणवीर सिंह के घर जाते समय बाइक सवार अशोक के पास नकदी से भरा एक पीला बैग था, इसी दौरान बाइक से आए तीन युवकों ने उसे रोका और चाकू की नोंक पर बैग छीन लिया. पुलिस ने जब इस मामले की जांच शुरू की तो सोनू की भूमिका संदिग्ध पाई गई, क्योंकि अशोक ने पुलिस को बताया कि सोनू उसे दूसरे रास्ते से रणवीर सिंह के घर ले जा रहा है. इसके बाद सोनू को हिरासत में लिया गया, लेकिन उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और गुनाह कबूल नहीं किया.



**पुलिस ने खंगाले 400 से ज्यादा सीसीटीवी** -वहीं पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर 400 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले और पुष्टि होने के बाद सोनू को गिरफ्तार कर लिया. सोनू मामले का मुख्य आरोपी था उसने लूट से एक दिन पहले अपने साथियों को इसकी जानकारी दी थी. बाद में उसके साथी अमर, सत्यप्रकाश और उमेश को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से 25.90 लाख रुपये की रकम भी बरामद की गई.सोनू ने अपने दोस्त केशव परिडवाल और लकी पावने के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी. पांचों आरोपी बाइक पर सवार थे. बाइक सवार तीन युवकों ने स्कीम नंबर 114 में रणवीर सिंह के घर पैसे देने जा रहे सोनू और अशोक का पीछा किया और बैग छीन लिया. इस मामले में केशव और लकी की तलाश की जा रही ह

# महिला हिंसा पर तीन दिवसीय मंथन व साथ हुई एडवाइजरी मीटिंग हुई संपन्न





**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। विश्व की चौथी एवं भारत की पहली परियोजना आर्चीज जो की महिला हिंसा व पारिवारिक दबाव के कारण परिवार कल्याण पैर पड़ने वाले दबाव पर कार्य करेगी फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया। यह एडवाइजरी महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन स्टॉप सेंटर,हस्स, नेहरू युवा केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी।एडवाइजरी बैठक में ते हुए मुख्य मुद्दे टोल फ्री नंबर पिंक ब्रिगेडियर सपोर्टिव काउंसलिंग ज़्सूचना तथा सेवाओं का लगातार संचार ज़्एक निर्धारित दिन परिवार नियोजन सत्र के लिए।एफ पी ए आई ग्वालियर ब्रांच की तरफ से आर्चीज प्रोजेक्ट की एडवाइजरी मीटिंग होटल रेडिसन सिटी सेंटर में संपन्न की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ आए अतिथियों ने दीपक प्रज्वलित करके किया गया ।जिसमें फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की मुंबई शाखा से वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्वालियर शाखा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थान के विशिष्ट लोगों ने अपना समय तथा योगदान एवं विचार रखें ।इसमें शालीन शर्मा जी सुनील शर्मा महिला एवं बाल विकास से श्रीमती दीपिका रावत सकी वन स्टॉप सेंटर से आकृति युवा मंच से नेहा नेहरू युवा केंद्र से डॉक्टर नीलम सिंह एवं डॉक्टर गरिमा यादव मेडिकल ऑफिसर बेटी बचाओ ऑर्गेनाइजेशन से डॉक्टर वंदना भूपेंद्र सीआईडी से उमेश वशिष्ठ जी कदम ऑर्गेनाइजेशन से अनुपम साहू और एफ पी ए आई ब्रांच की चेयरपर्सन शशि सिंह बेसिल उपस्थित रही।इन सभी के विचारों से फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया को नए मार्गदर्शन तथा सुझाव प्राप्त हुए। आर्चीज प्रोजेक्ट प्रजनन दबाव को ध्यान में रखकर ग्वालियर क्षेत्र में क्रियान्वित किया गया है ।उसके लिए मुंबई शाखा से आए हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष मार्गदर्शन भी दिया। जिसमें डॉक्टर रेबिका यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफ़ोर्निया, जैस्मिन ,सेरी ,निहाल , अर्पिता दास आईपीपीएफ से अमित धुन निशा जगदीश, उषा, डॉ श्वेतामणि एस पी ए आई हेडक्वार्टर से उपस्थित हुई कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह का पूर्ण सहयोग तथा मार्गदर्शन रहा ।फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की संपूर्ण टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी संपूर्ण भागीदारी दी ।

# रेप पीड़ित ने घर मे लगाई फांसी,मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी ने दबोह एसआई को किया लाइन अटैच

दबोह- दबोह थानान्तर्गत आने वाले देवरी गांव में शनिवार की शाम युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी के अनुसार देवरी गांव निवासी कामिनी राजपूत पुत्री कोमल सिंह राजपूत( 21 वर्ष)शनिवार की शाम अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली7वहीं मृतका के परिजनों ने दबोह थाना पुलिस पर आरोप लगाते हुये कहा कि दुष्कर्म के मामले में हमारी लड़की पर राजीनामा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था,जिसके चलते हमारी ल?की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका के पिता कोमल राजपूत का कहना है कि हम लोग काफी दिनों से दबोह पुलिस थाने के चक्कर लगा रहे थे मगर हमारी कोई सुनवाई नहीं की गयी।हमारे ऊपर दबोह थाना में पदस्थ एसआई भान सिंह सिंसोदिया द्वारा लगातार राजीनामा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था हमारी लड़की को शुक्रवार की रात फोन करने राजीनामा करने की धमकी दी गयी एवं शनिवार की दोपहर में एसआई सिसोंदिया द्वारा धमकी दी गयी जिसके बाद हमारी लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लीवहीं लड़की की आत्महत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दबोह थाना पुलिस को परिजनों ने शव का परीक्षण करने के लिये अंदर भी नहीं जाने दिया और पुलिस पर ही रुपये लेने के गंभीर आरोप लगा





दिये7जानकारी के अनुसार मृतका के नाराज परिजनों द्वारा रविवार की सुबह तक शव को फांसी के फंदे से नहीं उतारने दिया गया। इस बीच दबोह पुलिस और परिबार जनों में देर रात तक काफी देर तक बहस होती रही।

### दूसरे दिन सुबह नाराज परिजनों ने मुख्य मार्ग पर लगाया जाम-

मृतक युवती के परिजनों ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही को लेकर भिण्ड-भाण्डेर मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करके जाम लगा दिया7 जिसके कारण मुख्य मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग **गयीं।**

### जिसके बाद मौके पर

-एडिशनल एसपी संजीव पाठक पर मौके पर आना पड़ा।इस दौरान दबोह थाना प्रभारी राजेश शर्मा के अलावा लहार थाना प्रभारी लहार थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा,रावतपुरा थाना प्रभारी कमलाकांत दुबे,असवार थाना प्रभारी जितेंद्र मावई समेत भारी पुलिस बल समेत मौके पर पहुंचे।मौके पर पहुंचे भिण्ड एएसपी संजीव पाठक का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जायेगी7उक्त युवती की आत्महत्या की जांच अब असवार थाना प्रभारी द्वारा की जायेगी7वहीं एसआई भानसिंह सिसोंदिया को एसपी के द्वारा तत्काल लाइन अटैच कर दिया गया ह

# सीखने वाले के लिए प्रकृति ही गुरू है- संत शीतल राजाराम



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू- सीरवी समाज ट्रस्ट कर्नाटक बलेपेट वडेर में चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम ने कहा की सीखने की क्षमता रखने वाले व्यक्ति के लिए प्रकृति ही गुरु है इसी संदर्भ में उन्होंने दत्तात्रेय जी महाराज की कथा सुनाई और कहा कि दत्तात्रेय ने अपने जीवन में चौबीस गुरुओं से शिक्षा ली,उन्होंने पृथ्वी, वायु, जल, सूर्य, चंद्रमा,अग्नि,आकाश,कबूतर, अजगर, समुंद्र, पतंगा, भंवरा, मधुमक्खी, हाथी, हिरण,मछली, कुरर, बालक, कन्या,लोहार, मकड़ी और भृंगी कीट इन सभी से उन्होंने एक एक गुण धारण करके अपने जीवन में शिक्षा ली....व्यक्ति के जीवन में सीखने की गुण धारण करने की ललक हो तो प्रकृति मनुष्य को बहुत सिखाती है.....साथ ही साथ सत्संग की महत्वत्ता को समझाते हुए कहा कि मनुष्य को अपना जीवन अच्छा बनाने के लिए अच्छा संग करना चाहिए,क्यों कि व्यक्ति की संगति व्यक्ति का निर्माण करती है जैसा व्यक्ति संग करता है वैसा ही उसका जीवन बन जाता है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरिराम गहलोत, सचिव अमराराम चोयल, महिला मंडल अध्यक्ष भंवरीबाई सचिव रेखाबाई एवं समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले भर में हजारो पौधे लगाएगा मुस्लिम समाज - जिला सदर रियाजुद्दीन शेख

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन - एक पौधा मा के नाम जिला मुस्लि तयम समाज के जिला सदर पार्षद रियाजुद्दीन शेख ने बताया देश मे कोई भी मुहिम शुरू हो मुस्लिम समाज बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता आया है, चाहे हर घर तिरंगा हो या एक पौधा मा के नाम मुस्लिम समाज देश हित समाज हित मे शासन प्रशासन की हर मुहिम योजनाए बढचढ कर हिस्सा लेगा ,जिला सदर शेख ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए मुस्लिम समाज मुस्लिम समाज के हर घर सहित कब्रस्तानों, मजारों, बगीचों, मस्जिदों के आसपास हजारों की संख्या में पौधे लगाएँगे ताकी आने वाले समय मे हमारी नस्लो को उसका फायदा मिलेगा और पर्यावरण के लिए बेहतर कदम साबित होगा इसलिए हम इस मुहिम के तहत आज खरगोन के दोनों कब्रस्तानों में दो हजार पौधे लगाने का संकल्प रखा है, साथ ही जिला मुस्लिम कमेटी की ओर से खरगोन शहर सहित सम्पूर्ण जिले में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील करते हैं ।पौधा रोपण अभियान पार्षद वारिस खान, खरगोन मुस्लिम समाज के नायब सदर पार्षद म?बूल अहमद, पार्षद प्रतिनिधि अल्ताफ खान, सदर इशाक खान, रफीक खान, अच्छा भाई, कादिर पटेल, वसीम पठान, ईसमत खान, अकबर खान, तोशीब मंसूरी, शहजाद खान सहित समाजजन मौजूद रहे और अभियान को कामयाब बनाया ।



# आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा एवं संतुलित वातावरण देना हमारा कर्तव्य

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय म.प्र. एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर के आदेशानुसार पंच-ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से गत 05 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री राजीव कुमार अयाची, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड की कुशल मागदर्शन में हिमांशु कौशल, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड की अध्यक्षता में एवं सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, भिण्ड की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नं. 1 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर हिमांशु कौशल, सचिव/जिला न्यायाधीश द्वारा विद्यालय के समस्त छात्रों को अवगत कराया कि हमारे आने वाली पी?यों हेतु विरासत में कंकीर्ण की इमारतों की जगह हमें एक हरा-भरा स्वच्छ वातावरण उनके प्रदान करना चाहिए। वृक्ष न सिर्फ हमें प्राणदायी ऑक्सीजन देते हैं बल्कि वे कॉर्बन-डाई- ऑक्साइड को अवशोषित कर, वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न खतरे को कम करने में हमारी मदद करते हैं। इसलिए हमें नियमित वृक्षारोपण करना चाहिए तथा रोपित पौधों की सुरक्षा एवं उनके बडे हो जाने तक नियमित रूप से जल संचय की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे पौधे विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में सहायक सिद्ध हो सके। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल सी.पी. चौहान,धीरज गुर्जर अध्यापकगण, विद्यालय के समस्त छात्र एवं कु. ज्योति शर्मा पीएलव्ही भिण्ड उपस्थित रहे।



## एक पेड़ मां नाम' अभियान के तहत हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर श्री सिद्देश्वर मंदिर भिंड रोड पर किया वृहद पौधारोपण

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।'एक पेड़ मां नाम' अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशन में जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर श्री सिद्देश्वर मंदिर भिंड रोड पर जिला प्रशासन एवं ग्वालियरह्न केह्न फेफड़े जन अभियान के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य किया गया।इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर श्री दीपक पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार , जिला परियोजना समन्वयक श्री रविंद्र सिंह तोमर जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर तथा भानु प्रताप सिंह चौहान नें वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया।**



## 18 हजार के इनामी आरोपी को 09 लाख रूपये की स्मैक के साथ किया गिरफ्तार

# आरोपी पर पूर्व से 06 मामले है लंबित, आरोपी अंतरराज्यीय स्मैक बेचने वालों के माध्यम से शिवपुरी में काफी समय से स्मैक के व्यापक कारोवार को दे रहा था अंजाम

### एक माह में कोतवाली पुलिस द्वारा स्मैक तस्करों के खिलाफ लगातार की गई है बड़ी कार्यवाही

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी - शहर में लगातार स्मैक



विक्रय करने एवं पीने वालों की सूचना प्राप्त हो रही थी तथा शहर में नशीले पदार्थों के सेवन करने एवं नशीले पदार्थों का विकय होने से जन भावनाओं को देखते हुये एवं युवा पीढी का नशीले पदार्थों के सेवन करने से उनके भविष्य पर बुरा असर पड़ने से तथा नशा के आदि व्यक्तियों द्वारा चोरी जैसी घटनायें कारित करने की संभावना को देखते हुये नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले एवं नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारीयों को कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया जिसके पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजय चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में थाना कोतवाली टीआई रोहित दुबे द्वारा नशीले पदार्थों का विक्रय करने वाले एवं नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु टीमें गठित की गई गठित टीम द्वारा दिनांक 03.08.24 को विश्वसनीय मुखविरों द्वारा सूचना देने पर सूचना की तस्दीक हेतु टीम को रवाना किया जो मुखविर के बताये स्थान पिपरसमा रेल्वे पुल के पास शिवपुरी पर एक व्यक्ति मुखविर के बताये हुलिये अनुसार आसमानी रंग की टी-शर्ट व काले रंग का पेंट पहने संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखा जो पुलिस को अपनी ओर आते हुये देखकर भागने लगा जिसे फोर्स द्वारा घेरकर पकड़ा उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 45.20 ग्राम भूरे रंगा का पदार्थ (स्मैक) कीमती 900000/रु विधिवत जप्त कर आरोपी अंतू उर्फ अमित पुत्र बद्री परिहार उम्र 24 साल निवासी ग्राम माडों थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी को गिर, किया गया संपूर्ण कार्यवाही की
वीडियो ग्राफी की गई एवं गिरफ्तार शुदा आरोपी से स्मैक का विक्रय करने वाले एवं नशा करने वाले अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की गई बाद गिरफ्तार शुदा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

शिवपुरी शहर को नशा मुक्त बनाने के लिये नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों पर कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व से में भी कार्यवाहियां की जा चुकी है जिनमें कई आरोपीगण जेल में है एवं भविष्य में भी ऐसे व्यक्तियों पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी, शहर को नशा मुक्त करने के लिये दीगर जिले एवं दीगर राज्यों के ऐसे व्यक्ति जो बाहर से आकर शहर में नशीले पदार्थों परिवहन कर चले जाते है ऐसे व्यक्तियों के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है सूचना प्राप्त होने पर उक्त व्यक्तियों के विरुध्द एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी।

### सराहनीय भूमिका :.

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली टीआई रोहित दुबे, उनि सुमित शर्मा, उनि. दीपक पालिया, उनि. अरविंद छारी, उनि. आदित्य सिंह राजावत, उनि. भावना राठौड, पीएसबाई धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर, सउनि अमृतलाल, प्रआर0 335 महेश भास्कर, प्रवार 15 रघुवीर सिंह, प्रजार. 142 नरेश यादव, प्रआर. 54 योगेश राठौड आर. 206 भूपेन्द्र यादव, बार 285 राहुल कुमार, आर. 265 देवेन्द्र रावत आर. 103 जगदीश रावत, आर. 574 अंकित शर्मा, की सराहनीय भूमिका रही।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

# आमजन की समस्याओं के निराकरण और योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जनसुनवाई आयोजित





**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर / प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आमजन को सरकार की जनहितेषी योजनाओं का लाभ तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी उनके घर के नजदीक ही हो इसी उद्देश्य से प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय पर जनसुनवाई एवं समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है।क्षेत्रीय कार्यालय 4 तानसेन नगर में आयोजित जनसुनवाई में गोसपुरा, तानसेन नगर, रमटापुरा, नूरगंज, सेवा नगर, गंज किलागेट आदि क्षेत्र के लगभग 300 लोगो की जनसुनवाई कर शासन की विभिन्न योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आपका सेवक आपकी सेवा हमेशा करता रहेगा। आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर क्षेत्रीय कार्यालय पर लगाया गया है इसके बाद यह जनसुनवाई वार्ड स्तर पर भी की जाएगी ।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शिविर में आने वाले नागरिकों के लिए कुर्सियों पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की। सभी हितग्राहियों को कुर्सी पर बैठाकर बारी बारी से उनके पास जाकर उनकी समस्या सुनकर वहीं निराकरण किया तथा कुछ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी समस्या शिविर के माध्यम से आ रही है उनका निराकरण शीघ्र कर मुझे अवगत करायें।

इस अवसर पर सर्वश्री योगेंद्र तोमर, मनमोहन पाठक बृजमोहन शर्मा, दिनेश सिकरवार, हरी बाबू शिवहरे, केके कुशवाह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### हितग्राहियो को मिला जनसमस्या निवारण शिवर का लाभ

-आम जनता की सुविधा के लिए लगाई गई जनसुनवाई में हितग्राहियों के वृद्धा व विधवा पेंशन, कामकाजी महिला, हाथठेला, राशन चालू करने के लिए, मजदूरी कार्ड, समग्र आई डी बनने के लिए, विद्युत, आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के 300 से अधिक आवेदन आये। अधिकारियों द्वारा शिविर में आये आवेदनों का मौके पर ही सत्यापन कर, पात्र हितग्राहियों को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा प्रमाण पत्र दिये गए तथा अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# जिले में अभी तक 514.60 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी- शिवपुरी जिले में 01 जून 2024 से अभी तक 514.60 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 472.93 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 836.54 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 451.40 मि.मी., बैरा? में 468 मि.मी., पोहरी में 515 मि.मी., नरवर में 603 मि.मी., करैरा में 364.50 मि.मी., पिछोर में 542 मि.मी., कोलारस में 685.30 मि.मी., बदरवास में 527.20 मि.मी. तथा खनियाधाना में 475 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।**

# जिले में नशे के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई, मध्य प्रदेश के किसी भी जिले में नहीं हुई थी अब तक ऐसी कार्यवाही, 1 करोड़ 22 लाख कीमती नशीली कफ सिरप जप्त,

**आईजी द्वारा गठित विशेष टीम एवं रीवा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही ने दिलाई सबसे बड़ी सफलता सागर से सवा करोड़ की नशीली कफ सीरप बरामद कर नशे के कारोबारी का किया पर्दाफाश 600 पेटी नशीली कफ सिरप कल 72000 सीसी कीमत 1 करोड़ 22 लाख आरोपियों के कब्जे से बरामद**




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन महेंद्र सिंह सिकरवार, उपमहानिरीक्षक रीवा साकेत प्रकाश पांडे, के कुशल नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, अनुविभागीय अधिकारी उदित मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक मैहर राजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक रीवा रितु उपाध्याय, के कुशल निर्देशन में थाना चोरहटा के अपराध में की गई भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली आनरेक्स कफ सिरप की बरामदेगी जिला सागर में करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। जोनल स्पेशल टीम व थाना चोरहटा पुलिस टीम द्वारा थाना चौराहता के अपराध में ड्रग्स कंट्रोल एक्ट में आरोपी अरविंद जैन पिता स्वर्गीय हजारीलाल जैन उम्र 64 वर्ष निवासी चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक 26 विजय टॉकीज रोड थाना मोती नगर जिला सागर मध्य प्रदेश एवं सिटीजन जैन पिता अरविंद जैन उम्र 36 वर्ष निवासी चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक 26 विजय टॉकीज रोड थाना मोती नगर जिला सागर मध्य प्रदेश को 1 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी उपरांत प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की उच्च स्तरीय विवेचना रीवा आईजी के द्वारा स्वयं समीक्षा कर उनके द्वारा गठित टीम को लगातार निर्देशि दिए गए एसपी विवेक सिंह के नेतृत्व में टीम को एकत्र कर सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। जिसमें पाया गया कि जिला रीवा में सप्लाई की जाने वाली नशीली कब सिरप का लिंक टाटा फार्मा मेडिकल एजेंसी (फर्म) अरविंद जैन जिला सागर का होना पाया गया। इसके बाद प्रकरण के दोनों आरोपी गणों से बारीकी से पूछताछ की गई। पूछताछ में आए हुए प्राथमिक साक्ष्यों को विशेष अध्ययन कर दोनों आरोपी गणों का पुलिस रिमांड माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की न्यायालय से लिया गया एवं आरोपियो को हमराह लेकर जिला सागर में ले जाकर विवेचना में घर से सभी दस्तावेज एवं महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त किए गए।प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों द्वारा बहुत मात्रा में नशीली कफ सिरप की तस्करी रीवा के सरगना के माध्यम से रीवा जिले में कराई गई जो आरोपियों की निशादेही पर एवं भेजी गई टीम के अथक प्रयास से आरोपियों के जिला सागर में स्थित गोदाम में रेड कार्यवाही करते हुए बहुत अधिक मात्रा में नशीली कफ सिरप का जखीरा जप्त किया गया जिसकी गणना में प्रतिबंधित कोडीन युक्त नशीली कप सिरप 72000 नग कीमत 1 करोड़ 22 लाख 40000 रुपए की जप्त करने में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई।अभी तक की विवेचना में पुलिस द्वारा अन्य सभी जरूरी विभागों से संपर्क स्थापित किया



जा रहा और उच्च स्तरीय विवेचना की जा रही है। इस बड़ी कार्यवाही में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक उदित मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, निरीक्षक श्रंगेष सिंह राजपूत थाना प्रभारी चोरहटा, उप निरीक्षक शैल यादव ,उप निरीक्षक इंद्रबली सिंह, राजेश तिवारी, नीरज सिंह बघेल, केपी सिंह, अश्वनी शुक्ला, धनंजय यादव ,नीतिश सिंह बघेल, शैलेंद्र दीपाकर ,अरविंद यादव, मोहित यादव, रामाशंकर त्रिपाठी, साइबर सेल रीवा की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## नियम विरुद्ध संचालित 171 बसों पर हुई चालानी कार्यवाही



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। परिवहन विभाग द्वारा,यात्री बसों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में,दो माह, जून और जुलाई 2024 के मध्य 171 बसों पर चालानी कार्यवाही की, जिसमें बिना परमिट 3, बिना पैनिक बटन के 8, इसके अलावा 65 बसों पर फिटनेस से संबंधित मापदंड सही नहीं पाये जाने पर इनके चालान बनाए गए।साथ ही मोटरयान अधिनियम 1988 की अन्य धाराओ पर कमी पाये जाने के कारण 94 यात्री बसों पर कार्यवाही की गई।यह कार्यवाही आरटीओ रीवा के निर्देशन पर,परिवहन सुरक्षा स्कवाड रीवा के द्वारा की गई।परिवहन सुरक्षा स्कवाड रीवा के द्वारा इनके अलावा स्कूल बसों,स्कूल में लगे तीन पहिया ऑटो, स्कूल वैनो पर भी सघन जाँच अभियान चलाया जा रहा है।यात्री बसों की इस चेकिंग कार्यवाही से परिवहन विभाग ने 187200/- रुपये का राजस्व इस चालानी कार्यवाही से अर्जित किया है।

## मध्यप्रदेश पटवारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के विकास में पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पटवारियों की मांगों को शासन स्तर से पूरा कराने का तत्परता से प्रयास किया जायेगा। पटवारियों की जिम्मेदारी है कि राजस्व संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण करें, कोई प्रकरण लंबित न रहे और प्रदेश में राजस्व महाअभियान न चलाना पड़े। स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पटवारी अपने हल्के में किसानों के सभी कार्य टीम भावना के साथ अपनी योग्यता एवं कुशलता के साथ समय पर करें क्योकि राजस्व



संबंधी विवाद सिर्फ पटवारी ही समाप्त करा सकते हैं। पटवारी यदि चाह लें तो राजस्व महाअभियान संचालित करने की जरूरत ही नही पड़े। उन्होंने कहा कि जनहित के मामले में सभी को मिल कर कार्य करना चाहिए तभी हम अपने प्रदेश व जिले को ऊंचाईयों तक ले जाने में सक्षम हो पायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व के मामले में देश में सबसे अच्छा कार्य हमारे प्रदेश में हो रहा है जरूरत इस बात की है कि राजस्व के कार्यों की लगातार मानीटरिंग हो और सभी राजस्व के अधिकारी टीम भावना के साथ लोगों के कार्यों को समय पर निराकृत करें। उन्होंने कार्य करने के संस्कृति को विकसित करते हुए रीवा जिले व प्रदेश को उच्चतम शिखर पर ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल ने पटवारियों की विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का ध्यान आकृष्ट किया। उप मुख्यमंत्री ने




उल्लेखनीय कार्य के लिए दिव्या नायक को सम्मानित किया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में पटवारीगण उपस्थित रहे।

## फ्रेंडशिप डे के उपलक्ष में शिवपुरी जिले के फोटोग्राफर ने मनाया फोटोग्राफर मिलन समारोह

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- सिल्वर स्पून होटल में शिवपुरी जिले के समस्त वरिष्ठ और युवा फोटोग्राफरों ने फ्रेंडशिप डे के उपलक्ष में शानदार तरीके से फोटोग्राफर मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सबसे पहले सभी फोटोग्राफरों ने स्विमिंग पूल का आनंद लिया और खूब लुफ्त उठाया। साथ ही स्विमिंग पूल में गेम भी खेला गया स्विमिंग पूल की रेस में सुनील जाटव ने रेस जीती, नहाने के साथ-साथ नाश्ते में गरमा गरम पकोड़े और चाय की चुस्की का आनंद लिया, उसके बाद गेम खेला गया जिसमें टोपी रेस का आयोजन किया गया गेम का संचालन मशहूर एंकर ललितपुर से आए थे उसके बाद वरिष्ठ फोटोग्राफरों ने म्यूजिक और गीत के साथ गानों का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें समस्त वरिष्ठ फोटोग्राफर और युवा फोटोग्राफरों ने अपने मनपसंद गाने गए और डांस किया गया फिर समस्त फोटोग्राफरों ने हाऊजी गेम





भी खेला जिसमे विजेता मोनू नामदेव और नीरज वान्या को पुरस्कृत किया गया। उसके बाद कार्यक्रम में पधारे सभी फोटोग्राफरों को विशेष गिफ्ट ओर पौधा लगाने के लिए गमले के साथ सम्मानित किया गया,साथ ही भोजन में गरमा गरम दाल बाटी, बाफले और मिठाई का आनंद लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी फोटोग्राफरों ने चाय की चुस्की लेते हुए वरुण भार्गव और सुनील कुशवाहा ने सभी फोटोग्राफरों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने वादा किया कि अगर इसी तरह हमे एक दूसरे का साथ मिलता रहा तो और हम आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम करते रहेंगे और साथ खड़े रहेंगे।अंत मे सभी फोटोग्राफर भाइयों का आभार व्यक्त नितिन शर्मा ओर कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित जैन(पुष्प) द्वारा किया गया, ओर सभी फोटोग्राफर की मांग पर बहुत जल्दी ही एक विशेष सेमीनार के आयोजन पर चर्चा की गयी जिसकी दिनांक बहुत जल्द घोषित करने का निर्णय लिया गया।

## कांग्रेस पार्टी में नहीं मिलती बफादर कार्यकर्ताओं को इजज्जत,चापलूसो को मिलती है मंच*रणविजय सिंह

लहार विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर भाजपा में सामिल हुए लहार विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं लहार विधानसभा के कद्दावर युवा नेता कुअंर रणविजय सिंह उर्फ रिंकू भैया ने कहा की कांग्रेस पार्टी में जो बफादार कार्यकर्ता है उन्हे कोई सम्मान नहीं दिया जाता है कांग्रेस पार्टी में केबल चापलूसों एवं चाटुकर्ता करने बालो को ही इज्जत एवं सम्मान मिलता है जिन कार्यकर्ताओं ने अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा में लगाया है उन्हे अपने आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ना चाहिए,आव नही आदर नहीं नयनन नहीं सनेह तुलसी वहा न जाइए चाहे कंचन बरसे मेघ,इसी क्रम में युवा नेता कुंवर रणविजय सिंह उर्फ रिंकू भैया (महुआ) ने कहा कि मैने दिनांक 2/08/2024 को मंगलम गार्डन में कांग्रेस की संपन्न हुई मीटिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर देखा उसमे कांग्रेस पार्टी के महारथी माने जाने वाले कद्दावर नेता जैसे की आदरणीय उदय प्रताप सिंह सेंगर (राजा बाबू सिंह भाईसाहब )पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक भिंड आदरणीय (नरेश सिंह जी चौहान ) उपाध्यक्ष नगर पालिका लहार,आदरणीय रामेश्वर सिंह जी कौरव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लहार एवं आदरणीय भाईसाहब सतीश मिश्रा पूर्व सरपंच बरेई ,आदरणीय भाईसाहब चंद्रशेखर उर्फ चंदू दुबे अखदेवा पूर्व अध्यक्ष सिंचाई विभाग जो की लहार विधानसभा की हस्तियां है ये लोग किसी परिचय के मोहताज नहीं इन्होंने कांग्रेस पार्टी में अपना पूरा जीवन बफादरी के साथ लगाया मैने सोसल मीडिया पर वीडियो में देखा की इन महारथी नेताओ को मंच पर स्थान न देकर मंच के नीचे बैठाया गया

# कलेक्टर ने बाढ़ व आपदा से निपटने के लिए सभी अधिकारीयो को अपनी टीम के साथ अलर्ट मोड पर रहने के दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ व आपदा से निपटने के लिए अपनी टीम के साथ अलर्ट मोड पर रहे तथा अपने मुख्यालय में ही रहे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को नगर निगम, नगर परिषद एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय रखने तथा बाढ़ संबंधी सूचनाओं का लगातार अदान-प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिक वर्षा की स्थिति में क्षेत्रों में सजगता से निगरानी रखते हुए आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। जिला स्तर पर बाढ़नयंत्रण कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कंट्रोल रूम के नंबर 07662-255143 पर किसी भी प्रकार की न से संबंधित सूचना दी जा सकती है। आपदा प्रबंधन के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सजग रखें तथा जल प्रपातों सहित पुल-पुलियों में बाढ़ की दशा में लोगों की आवा-जाही को प्रतिबंधित करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि जिन रपटो/पुल पर पानी बह रहा है वहां वैरिकेट लगवाये और कर्मचारी की डय़ूटी भी लगायें। किसी भी स्थिति में इन रपटो और पुलों पर



किसी को पार न करने दें। नदी और बांध के स्तर पर लगातार निगरानी रखें। बारिश का पूर्वानुमान देखकर निचली बस्तियों में रहने वालों को समय से ही सतर्क करें और आवश्यकतानुसार शिफ्ट करें। बांध के गेट खोलने की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब सूचित करें तथा आकाशीय बिजली के खतरे एवं पुल से बहने से रोकने के लिए पर्याप्त जागरूकता करें।कलेक्टर ने बताया कि बकिया बांध में पानी के अत्यधिक आवक के कारण सुरक्षा की दृष्टि से उसके 14 गेट खोलकर पानी छो?ा जा रहा है जिससे टमस नदी के जल स्तर में वृद्धि हो सकती है। नदी के किनारे स्थित सभी गांव के निवासी सतर्क रहें। नदी के जल स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। रीवा जिले और आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जिले के नदियों के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। लगातार बारिश से रीवा शहर के कई मोहल्ले में जल भराव हो गया है। इनमें नगर निगम की टीमें जल निकासी की व्यवस्था कर रही हैं। बीहर नदी के बढते जल स्तर को बांसघाट और निपनिया के लोगों को सतर्क किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बकिया बांध का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया तथा नदी के जल स्तर पर हो रही वृद्धि की जानकारी ली।

## संपादकीय

# करों का मानवीय पक्ष

खरी–खरी कहने के लिये चर्चित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर लगाए जा रहे 18 फीसदी जीएसटी को खत्म करने की तार्किक मांग की है। इस प्रासंगिक मुद्दे को उठाकर गडकरी ने करों के मानवीय पक्ष को ही उजागर किया है। निस्संदेह, जीएसटी को कम करना एक मानवीय पहल होगी। वह भी उस देश में जहां 73 फीसदी लोगों के पास चिकित्सा बीमा नहीं है। ऐसे में बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगाना क्या न्यायसंगत होगा? दरअसल, महंगे प्रीमियम व उस पर लगने वाले करों के चलते करीब पच्चीस से तीस फीसदी लोग हर साल अपने चिकित्सा बीमा का नवीनीकरण नहीं कर पाते। निस्संदेह, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बीमा धारकों की दुखती रग पर हाथ रखा है। यह विडंबना ही है कि भविष्य में जीवन की अनिश्चितताओं से मुक्ति व अपने तथा परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा चाहने वाले व्यक्ति पर करों का अनुचित बोझ डाला जाता है। जाहिर है कि करों का अधिक बोझ बीमा विस्तार से जुड़ी नीतियों को प्रोत्साहित करने की सोच के विरुद्ध है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कोई व्यक्ति जीवन की तमाम अनिश्चितताओं के चलते अपनी व परिवार की सुरक्षा हेतु चिकित्सा बीमा प्रीमियम का भुगतान करता है। दूसरे शब्दों में कहें तो जीवन व सेहत बीमा के प्रीमियम पर टैक्स लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने जैसा ही है। वैसे भी जीवन के उत्तरार्ध में तमाम चिकित्सा समस्याओं से जूझने वाले बुजुर्गों के लिये यह जीएसटी चुकाना एक अन्याय जैसा ही है क्योंकि इनमें से अधिकांश की यह सेवानिवृत्ति की उम्र होती है। इस उम्र तक आते–आते उसके आय के स्रोत सिकुड़ने लगते हैं। वह अपने बच्चों पर आश्रित होता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि जीवन के जोखिम के लिये बीमा कराने वाले व्यक्ति के प्रीमियम पर अधिक कर लगाना एक तरह से बेबात का जुर्माना वसूलना जैसा है। खासकर समाज में कमजोर वर्ग के लोगों के लिये तो यह कर बेहद परेशान करने वाला ही है, जो जैसे–तैसे प्रीमियम के लिये पैसा जुटाने का उपक्रम करते हैं। यह भी एक हकीकत है कि ज्यादा कर लगाने से बीमा उत्पादों का दायरा बढ़ाने के तमाम प्रयास निरर्थक ही सिद्ध होते हैं। यही वजह है कि देश का बीमा उद्योग लंबे समय से अपने उत्पादों की अपील बढ़ाने के लिये जीएसटी में कटौती की वकालत करता रहा है। यह बात स्पष्ट है कि सेहत व जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दर कम करने से न केवल बीमा करवाना अधिक किफायती हो जाएगा, बल्कि इसके प्रसार को भी अपेक्षित बढ़ावा मिलेगा। सही मायनों में इससे व्यापक वित्तीय सुरक्षा और स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार में मदद मिलेगी। जिससे नये उपभोक्ता बीमे के दायरे में लाये जा सकेंगे। बीमा कंपनियां जीएसटी कम होने पर नये उपभोक्ताओं को आकर्षित कर सकती हैं। दरअसल, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई के वर्ष 2022–23 के लिए जारी आंकड़ों के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में जीवन बीमा की भागीदारी महज 3.2 फीसदी व स्वास्थ्य बीमा की भागीदारी 0.94 फीसदी है। लोकतंत्र में सरकार की प्राथमिकता होती है कि सामाजिक कल्याण के साथ नागरिकों की आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे। लेकिन वर्तमान कराधान नीति सामाजिक कल्याण की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। ऐसे में बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाकर सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि अधिक नागरिकों को अतिरिक्त वित्तीय तनाव के बिना जीवन की अनिश्चितताओं में सुरक्षा मिल सके। निस्संदेह, केंद्र सरकार को नितिन गडकरी के सुझाव पर न केवल गंभीरता से विचार करना चाहिए बल्कि इस दिशा में शीघ्र कदम भी उठाना चाहिए। जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाना सिर्फ राजकोषीय नीति का मामला भर नहीं है, बल्कि देश के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्धता भी दर्शाता है। सरकार यदि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को हटाये व आयकर में छूट में वृद्धि करे तो देश के लोगों में जीवन व सेहत बीमा लेने का उत्साह बढ़ेगा।

# तेहरान में हमास नेता हनीयेह की हत्या से मध्य पूर्व में युद्ध भड़कने की संभावना

**नित्य चक्रवर्ती**

> *उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति मसूदपेजेशकियन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए ईरान गये थे। पेजेशकियन को पिछले महीने राष्ट्रीय चुनावों में ईरान का नया राष्ट्रपति चुना गया था। 30 जुलाई को उनके शपथ ग्रहण समारोह में पश्चिम एशियाई देशों के कई वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया था।*

बुधवार को मध्य पूर्व में अभूतपूर्व उथल–पुथल मच गई, जब खबर आई कि तेहरान में सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने उनके आवास में हमास नेता इस्माइलहनीयेह की हत्या कर दी। हालांकि ईरानी सरकार ने कहा कि वे हत्या की जांच कर रहे हैं और इजरायली सरकार ने आधिकारिक तौर पर चुप्पी साधे रखी, लेकिन फिलिस्तीन के नेताओं ने इसे शविश्वासघाती जायोनी छापाश करार दिया। इससे पहले, ईरान के रिवोल्यूशनरीगार्ड्स ने कहा कि उन्हें एक ईरानी अंगरक्षक के साथ उनके आवास में निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति मसूदपेजेशकियन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए ईरान गये थे। पेजेशकियन को पिछले महीने राष्ट्रीय चुनावों में ईरान का नया राष्ट्रपति चुना गया था। 30 जुलाई को उनके शपथ ग्रहण समारोह में पश्चिम एशियाई देशों के कई वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया था। हनियेह उग्रवादी समूह के निर्वासित राजनीतिक प्रमुख थे और उन्होंने हाल के वर्षों में अपना अधिकांश समय कतर और तुर्की में बिताया था। उन्हें एक व्यावहारिक व्यक्ति माना जाता है। उन्होंने इजराइल–गाजा युद्ध के दौरान युद्ध विराम वार्ता में एक वार्ताकार के रूप में काम



किया था। उन्होंने हमास के मुख्य सहयोगी ईरान के साथ संपर्क किया था और तुर्की के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। उन्हें एक कुशल वार्ताकार के रूप में बहुत महत्व दिया जाता था और हमास नेतृत्व ने पिछले साल 7अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल के खिलाफ हमास की लड़ाई के लिए सहायता का आयोजन करने में उनके कौशल का उपयोग किया। हनियेह को खालिदमेशाल की जगह लेने के लिए 2017 में हमास राजनीतिक ब्यूरो का प्रमुख चुना गया था, लेकिन वह पहले से ही एक प्रसिद्ध व्यक्ति थे क्योंकि 2006 में उस वर्ष के संसदीय चुनाव में हमास की अप्रत्याशित जीत के बाद वे फिलिस्तीनी प्रधानमंत्री बन गये थे। तुर्की सरकार के साथ उनके अच्छे संबंध थे और उन्होंने राष्ट्रपति एर्दोगन से फिलिस्तीनी लड़ाकों के पक्ष में वित्तीय और अन्य सहायता का प्रबंध किया था। अब तक इजरायल के युद्ध में 39,400 फिलिस्तीनी मारे गये हैं और आधिकारिक तौर पर घायलों की संख्या 90,996 बताई गई है। मारे गये हमास नेता गाजा में फिलिस्तीनियों और इजरायल के बीच संघर्ष विराम पर बातचीत की प्रक्रिया का हिस्सा थे जिसकी निगरानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कर रहे थे। पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को राष्ट्रपति बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस दोनों ने जल्द से जल्द संघर्ष विराम को अंतिम रूप देने के लिए कहा था। नेतन्याहू ने हमेशा की तरह देरी के लिए हमास नेतृत्व को दोषी ठहराया। ताजा घटनाक्रम ने हमास नेतृत्व को नाराज कर दिया है और इस बात की पूरी संभावना है कि यह तनाव और बढ़ सकता है क्योंकि लेबनान और तुर्की दोनों ही हमास का खुलकर समर्थन कर रहे हैं। लेबनान स्थित हिजबुल्लाह ने पिछले सप्ताह गोलनहाइट्स पर 12 लोगों की हत्या की थी जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। इसके जवाब में इजरायल ने मंगलवार को बेरूत पर हवाई हमला किया, जिसमें गोलनहाइट्स पर हमले के लिए जिम्मेदार हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर को निशाना बनाया गया। इजरायल ने कहा कि पिछले सप्ताह के हमले के लिए लेबनान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के अलावा, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि तुर्की फिलिस्तीनियों के समर्थन में इजरायल में प्रवेश कर सकता है। अगर उनके शब्दों को कार्रवाई में बदला जाता है तो यह वर्तमान युद्ध को एक नया आयाम देगा, क्योंकि तुर्की नाटो का सदस्य है और नाटो के अपने सदस्यों के लिए कुछ नियम हैं। पहले ही इजरायल ने नाटो के समक्ष विरोध जताया है कि तुर्की आतंकवादियों को वित्तीय धन पहुंचाने का एक जरिया है। अब भौतिक भागीदारी फिलिस्तीन–इजरायल युद्ध के क्षेत्रों का और विस्तार करेगी। अगले कुछ दिन मध्य पूर्व में महत्वपूर्ण होंगे।

# संसद से टपकता पानी

क्या सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस का सदस्य बनने की इजाजत मिलनी चाहिए?मोदी सरकार में बेरोजगारी के भयावह आंकड़े सरकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की उम्मीद करना भारतीयों ने अरसे से छोड़ दिया है। वे मानकर चलते हैं कि यदि किसी शासकीय स्कूल की इमारतें हों या फिर अस्पताल भवन, सड़कें हों या पुल–पुलिया– वे लम्बे समय तक नहीं चलेंगी। फिर वह निर्माण चाहे केन्द्र सरकार की देखरेख में बना हो या फिर राज्य सरकार द्वारा निर्मित हो। सरकारी भवनों को जर्जर होते देर नहीं लगती। कभी स्कूल में पढ़ाई करते बच्चों पर छत का प्लास्टर गिर जाता है तो कभी शाला भवन की दीवार ही ढह जाती है कभी किसी सरकारी कार्यालय की सीढ़ियां टूटने लगती हैं तो कभी उनकी दीवारों पर उद्घाटन के पहले ही दरारें पड़ने लगती हैं। पुल–पुलियों के खम्भे टूटने लगते हैं तो सड़कें अल्प समय के इस्तेमाल करते ही फटने लगती हैं। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आये हैं। बिहार में पुलों ने गिरने का रिकॉर्ड बना दिया है। कुछ ही दिनों में दर्जन भर से अधिक पुल गिर गये। कई हाईवे पर तो उद्घाटन के केवल महीने–दो महीने में ही बड़ी दरारें पड़ गईं। सीवरेज अलग कहर ढाते हैं। जहां–जहां





स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत कार्य चल रहे हैं उनमें और भी बुरा हाल है। बारिश ने इस महत्त्वाकांक्षी व बहुप्रचारित योजना की पोल खोल दी है। सड़कों से लेकर मैदानों पर पानी ऐसा भरता है कि वाहन उनमें गिरते हैं, लोग हाथ–पांव तुड़वा रहे हैं या अपने प्राण गंवा रहे हैं। नियोजन से लेकर क्रियान्वयन तक सारा कुछ ऐसा दोषपूर्ण होता है कि इन योजनाओं का फायदा कम नुकसान ही अधिक होता है। जान–माल की हानि तो होती ही है, जीवन ही अव्यवस्थित हो जाता है। तिस पर अगर थोड़ी सी भी बरसात हो जाये तो जीवन को नर्क बनने में देर नहीं लगती। अक्सर यह भी आरोप लगते हैं कि, जिसमें बड़े पैमाने पर सच्चाई भी है, भ्रष्टाचार का बड़ा योगदान गुणवत्ता को गिराने में होता है। यह किसी एक राज्य की बात नहीं है बल्कि यह सार्वभौमिक सत्य है कि शासकीय कार्य का अर्थ ही है अधिकारियों और राजनीतिज्ञों की जेबों का भरना। निर्माण कार्यों की लागत का आकलन तो वास्तविकता के आधार पर होता है, उसी कीमत पर कामों का आवंटन भी होता है परन्तु जब निर्माण शुरू होता है तो पता चलता है कि लाभ का एक बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जायेगा। इससे ठेकेदार या निर्माण एजेंसियां गुणवत्ता में समझौते करती हैं। निर्माण हो जाता है व उसे विभाग को सौंप दिया जाता है, उद्घाटन हो जाते हैं लेकिन उन निर्माणों की गुणवत्ता जल्दी ही दीवारों, छतों, फर्शों और अन्य जगहों पर से झांकती दिखलाई पड़ती है। इसी कार्य पद्धति के तहत बने पुल लोगों पर गिरते हैं और मासूमों की मौतें होती हैं। देश में सैकड़ों हादसे ऐसे होते हैं जिनके लिये यही घटिया निर्माण जिम्मेदार होता है परन्तु उससे भी बुरी बात होती है इस पर होने वाली सियासत। यह नया भारत है जहां पहले यह देखा जाता है कि जो भी हादसा हुआ है या निर्माण की खामियां उजागर होती हैं, तो वह किस राज्य का मामला है और वहां किसकी सरकार है। पहले न कोई ऐसी वारदात का बचाव करता था और न ही भ्रष्टाचार की स्वीकार्यता थी। लेकिन अब एक ही तरह की अलग–अलग राज्यों में होने वाली घटनाएं तय करती हैं कि उनकी आलोचना की जाये या बचाव। भारतीय जनता पार्टी की यह देन कही जा सकती है जिसके पास ऐसा प्रचार तंत्र है जो यह याद दिलाता है कि यदि अभी पुल–पुलिया गिर रहे हैं, एयरपोर्ट में पानी भर रहा है, रेलवे स्टेशन की छतों से पानी चू रहा है तो कोई बात नहीं, क्योंकि ऐसा पहले भी हुआ था– कांग्रेस के समय। भाजपा की ट्रोल आर्मी को फर्क नहीं पड़ता कि जनता के पैसे से बने अयोध्या के राममंदिर की छत से चू रहे पानी से गर्भगृह लबालब हो रहा है या महाकालेश्वर में लगाई गयीं मूर्तियां गिर रही हैं। करोड़ों की लागत से बने एक्सप्रेस–वे टूट जायें या पुल ढह जायें– उनकी बला से। अपने प्रचार तंत्र और समर्थकों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार, खासकर नरेन्द्र मोदी को बहुत भरोसा है, फिर वे यह भी जानते हैं कि उन्हें इसे लेकर किसी को जवाब देना नहीं है। यही कारण है कि उनकी सीधी देखरेख में बने और उनका अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाले नये संसद भवन में पानी टपकने को लेकर सरकार का कोई बयान नहीं आया है। वैसे ही जिस प्रकार कुछ हवाई अड्डों में पानी भरने व एक्सप्रेस–वे टूटने पर कुछ नहीं कहा गया। इसके बावजूद, देश के सबसे प्रतिष्ठित भवन की छत से अपने निर्माण के इतने कम समय में पानी टपकने की जिम्मेदारी से मोदी नहीं बच सकते। उन्होंने इसका निर्माण बहुत जल्दबाजी में कराया था। कोरोना काल में जब देश के लिये एक–एक रुपया महत्त्वपूर्ण था, इस पर करोड़ों रुपये लगाये गये (कितने, यह स्पष्ट नहीं)। मोदी इस काम का बार–बार निरीक्षण करते रहे। सेफ्टी हैलमेट लगाकर ड्राइंग फैलाये अन्य इंजीनियरों को जिस प्रकार से उंगली दिखाकर निर्देश देते हुए मोदी की तस्वीरें देश–दुनिया में प्रकाशित व प्रसारित हुई थीं वैसी ही गुरुवार को सुबह से उस नीली बाल्टी की फोटुएं वायरल हो रही हैं जिसमें श्सेंट्रल विस्टाश कहे जाने वाले नवीन संसद भवन के भव्य गुंबद से टपकता पानी इकट्ठा हो रहा है। निर्माण में स्पेस टेक्नालॉजी का इस्तेमाल का दावा करने वाले मोदी को इस पर कुछ कहना चाहिये क्योंकि पुराने संसद भवन के बरक्स उन्होंने इसे अधिक गौरवशाली माना है।




मेष :– विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी–व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

वृषभ :– मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

मिथुन :– आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ–साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्क :– शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद–विवाद से दूर रहें।

सिंह :– आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्या :– नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला :– लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिक :– आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरु न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

धनु रु बौद्धिक, तार्किक, विचार–विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान–सम्मान मिलेगा।

मकर :– आज से आपके व्यापार–धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन–देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख– शांति का माहौल रहेगा।

कुंभ :– आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट–दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

मीन :– शारीरिक– मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद–विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# जनगणना से कब तक डरना

**अरविन्द मोहन**

> *अब इसका कितने लोगों पर कैसा असर हो रहा है इसका हिसाब अलग–अलग हो सकता है, लेकिन भाजपा पर इसका प्रभाव काफी पड़ा है। उसकी तरफ से राजनीति को हिन्दू–मुसलमान लाइन पर ले जाने का प्रयास बंद नहीं हुआ है।*

बजट से जुड़ा हलवा बांटने वाले और हलवा खाने के रुपक के सहारे बात को जातिगत जनगणना तक ले जाने वाले राहुल गांधी ने अपनी राजनीति चल दी। अब इसका कितने लोगों पर कैसा असर हो रहा है इसका हिसाब अलग–अलग हो सकता है, लेकिन भाजपा पर इसका प्रभाव काफी पड़ा है। उसकी तरफ से राजनीति को हिन्दू–मुसलमान लाइन पर ले जाने का प्रयास बंद नहीं हुआ है लेकिन अब वह हर बात में जाति के सवाल को महत्व देने लगी है और राहुल गांधी तथा कांग्रेस को ही नहीं समाजवादी पार्टी और राजद को ही पिछड़ा और दलित विरोधी बताने का प्रयास भी कर रही है। लेकिन निश्चित रूप से वह जातिगत जनगणना के खिलाफ है और इसकी कोई उपयोगिता नहीं मानती–भले उसने बिहार में हुई जातिगत जनगणना का समर्थन किया था। लेकिन राहुल गांधी को अपनी इस राजनैतिक रणनीति या भाजपा की घेराबंदी में एक बार भी याद नहीं आया कि देश में वह सामान्य जनगणना भी नहीं हुई है जो विश्वयुद्ध के दौरान भी नहीं रुकी थी। और सरकार ने जिस कोरोना के नाम पर जनगणना रोकी थी (हालांकि दुनिया में ऐसा सिर्फ दो अन्य देशों में ही हुआ था) उसे गए जमाना हो गया है और अब आम चुनाव समेत सब काम रूटीन पर लौट आया है। विपक्ष का नेता होने के चलते राहुल को यह पूछने की जरूरत थी क्योंकि इस बजट में भी जनगणना के लिए धन का प्रावधान नहीं हुआ है–यह रकम पहले से कम कर दी गई है। और तब भले गृहराज्य मंत्री ने सदन में और गृह मंत्री ने बाहर कोरोना के चलते जनगणना रोकने और ज्यादा व्यापक सवालों के साथ जनगणना कराने की बात कही हो अब तो सरकार के अधिकारी कहने लगे हैं कि 1948 के जनगणना कानून में इस बात का कोई प्रावधान नहीं है कि हर दस साल पर अनिवार्य रूप से जनगणना हो ही। संभवतरु ऐसा है भी लेकिन पिछले डेढ़ सौ साल की जनगणना की परंपरा और उसकी रोजाना के काम की उपयोगिता ने हमारे लिए कानून के पन्ने पलटने की जरूरत नहीं छोड़ी थी। चुनाव के क्षेत्र निर्धारण से लेकर सरकारी नीतियां बनाने और संसाधनों के आवंटन तथा आगे होने वाले हर सर्वेक्षण में जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाने की आदत हमारे मन मस्तिष्क में इस तरह समा गई है कि हम सोच भी नहीं सकते कि अच्छे दिन लाने और देश को विकसित दुनिया की बराबरी पर लाने और विश्वगुरु बनाने के दावे करने वाली सरकार जनगणना रोक देगी। इस सरकार का आंकड़ों से बैर अब छुपा नहीं है। उसने जाने कितने आंकड़े जुटाने का काम रोका है कितने जुटे आंकड़ों को प्रकाशित नहीं होने दिया है, कितने ही दूसरे अनुमानों को झुठलाया है, जीडीपी की गणना से लेकर न जाने किस–किस हिसाब का आधार ही बदल दिया है। इन सबसे हमारे सारे आंकड़े संदेहास्पद हो गए हैं जबकि ब्रिटिश शासन काल से ही महा–सांख्यिकी लेखाकार के अधीन आंकड़े जमा करने की एक मजबूत व्यवस्था के अभी तक काम करते जाने के चलते दुनिया में हमारे आंकड़ों को बहुत सम्मान से देखा जाता था। और हद तो तब हो गई जब सरकार ने जीएसटी कर वसूली के निरंतर बढ़ते जा रहे आंकड़ों और कर वसूली बढ़ने के आंकड़ों को सार्वजनिक करने पर रोक लगा दी। देश विदेश के विभिन्न संस्थानों द्वारा जैसे–जैसे जुटाए आंकड़े जब सरकार के पक्ष में होते हैं तो उनका शोर मचाया जाता है वरना उनको खारिज कर दिया जाता है। और बुनियादी दिक्कत यह है कि जब पंद्रह साल पुरानी जनगणना को रैंडम सैंपलिंग के लिए कितनी भी ईमानदरी से इस्तेमाल किया जाए तो नतीजे गलत आने की पूरी गुंजाइश है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण हो या परिवार स्वास्थ्य या उपभोग सर्वेक्षण, सभी जनगणना के आंकड़ों को ही आधार बनाते हैं। जनगणना का काम सिर्फ दूसरे सर्वेक्षणों का आधार बनना या उनकी पृष्ठभूमि तैयार करना नहीं है। उसका काम है देश की आबादी का, उसके आर्थिक, सामाजिक, भौतिक जीवन की वास्तविकता को सामने लाना। मकान की गिनती और स्थिति से शुरू होकर अब यह परिवार और व्यक्ति को लेकर बीसियों सूचनाएं जुटाता है और फिर उनको जमा करने के साथ वर्गीकृत करता है, विश्लेषित करता है। और अगर अमित शाह की कुछ समय पहले कही बात अब भी सच है तो इस बार की जनगणना में कुछ और नई जानकारियां जुटाने का काम होना है। इनके आधार पर ग्राम पंचायत और शहर के वार्ड से लेकर पंचायत और नगरपालिका, विधान सभा और संसदीय क्षेत्र का आकार–प्रकार बदला और तय किया जाता है। इनके आधार पर शहरी घोषित हो गए गांव और कस्बे में सुविधाओं और कायदे–कानून में बदलाव होता है। जिन आंकड़ों के आधार पर सरकार और स्वशासी संस्थाओं के बजट का आवंटन होता है। कई जानकारों का अनुमान है। कि जिन पैमानों पर सरकार 81.5 करोड़ लोगों को आज मुफ्त राशन दे रही है अगर आबादी के नए हिसाब(अनुमान ही) को ध्यान में रखा जाए तो 93 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए। अब राजनैतिक मजबूरी के चलते सरकार बिहार जैसे पिछड़े राज्य को जो धन दे रही है वह काम काफी पहले हो जाना चाहिए था।



# हिना खान ने ब्रेस्ट कैंसर के बीच उठाया बड़ा कदम, झड़ रहे बालों के चलते मुंडवा लिया सिर

छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक पर अपनी अदाकारी का दम दिखाने वाली एक्ट्रेस हिना खान इस वक्त अपनी जिंदगी के बड़े मुश्किल दौर से गुजर रही हैं. एक्ट्रेस को ब्रेस्ट कैंसर हो गया है और उनका इलाज भी जारी है. लेकिन इस इलाज के दौरान भी उन्हें काफी दर्द से गुजरना पड़ रहा है. कीमोथेरेपी के चलते हिना खान के बाल लगातार झड़ते जा रहे हैं. हालांकि उन्होंने पहले ही अपने लंबे बालों को शॉर्ट कर लिया था. लेकिन इतने से बात नहीं बनी अब उन्होंने एक बड़ा कदम उठाया है.हिना खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसे देखने के बाद आप भी कहेंगे कि वो कितनी स्ट्रॉन्ग हैं. वीडियो में हिना ने अपने झड़ते बालों की झलक दिखाई है. कभी अपने हाथों में तो कभी अपने तकिए पर उनके झड़ते हुए बाल साफ-साफ देखे जा सकते हैं. हर दिन इस दर्द से न गुजरना पड़े इसलिए हिना ने अपना सिर मुंडवा लिया है. एक्ट्रेस ने अपने वीडियो में बताया है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया.

हिना की मानें तो वो हर तरफ अपने बालों को गिरता देख खुदको टूटने नहीं देना चाहती थी. इसलिए उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाया और अपने सारे बाल कटवाने



का फैसला लिया. एक्ट्रेस ने अपने दिल पर पत्थर रखकर ट्रिमर उठाया और अपने बालों को जड़ से काटना शुरू कर दिया. हिना खान की हिम्मत की हर कोई तारीफ कर रहा है. साथ ही फैन्स उनका हौसला भी बढ़ा रहे हैं. एक्ट्रेस बाल्ड लुक में भी बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इस वीडियो को शेयर करते हुए हिना खान ने कैप्शन में लिखा, 'इस सफर के सबसे मुश्किल समय को नॉर्मल बनाने की ये एक कोशिश है. याद रखिए महिलाएंज् हमारी ताकत हमारा धैर्य और शांति है. अगर हम अपना दिमाग लगा लें तो कुछ भी मुश्किल नहीं है.हिना खान ने अपने वीडियो के जरिए इस दौर से गुजरने वाले हर शख्स को हिम्मत दी है और उन्हें बताया है कि उनके साथ-साथ सभी को अपनी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना जरूरी है. आपके बस में जो है आप उसे जरूर करें और अपनी मेंटल हेल्थ का पूरा-पूरा ध्यान रखे. टीवी के तमाम सितारों ने हिना खान के जल्द ठीक होने के लिए दुआ की है. सभी यूजर्स और फैन्स भी उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं.

# अरमान के थप्पड़ कांड से विशाल के कमेंट तक, इस सीजन के 5 बड़े विवाद

बिग बॉस ओटीटी 3 अब खत्म होने जा रहा है. शो को अपना विनर मिलने वाला है. 2 अगस्त की शाम बेहद खास होने वाली है, अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के विनर के नाम की अनाउंसमेंट करने वाले हैं. टॉप 3 में सना मकबूल, रणवीर शौरी और रैपर नैजी को देखा जा रहा है. वहीं तीनों ही कंटेस्टेंट दमदार हैं. ऐसे में जीत किसी की भी हो सकती है. लेकिन हर साल की तरह इस साल भी बिग बॉस के घर में जमकर बवाल देखने को मिला. चलिए इस सीजन के 5 बड़े विवाद पर नजर डालते हैं.

**विशाल पांडे का कृतिका मलिक पर कमेंट**

बिग बॉस ओटीटी 3 में विशाल पांडे के एक कमेंट पर खूब तमाशा देखने को मिला. विशाल ने अपने दोस्त लवकेश कटारिया के साथ एक बातचीत के दौरान उनके कान में कहा, 'भाभी सुंदर लगती हैं. अच्छे तरीके में बोल रहा हूं.' वहीं विशाल को गार्डन में कृतिका को चेकआउट करते हुए भी कैप्चर किया गया. विशाल ने कमेंट में कहा था भाग्यशाली भैया. उनकी इस टिप्पणी पर काफी हंगामा देखने को मिला.

**अरमान मलिक ने विशाल पांडे को जड़ा थप्पड़**

विशाल की टिप्पणी के बाद पायल एक बार फिर बिग बॉस ओटीटी 3 के मंच पर लौटी थीं, उन्होंने विशाल की बातों को सबके सामने रिपीट किया और इस मामले को सबके सामने पेश किया. पायल की बातें सुनने के बाद कृतिका और अरमान का गुस्सा काफी बढ़ गया था. विशाल की हरकत के बाद अरमान खुद के गुस्से पर काबू नहीं रख पाए और उन्होंने विशाल को थप्पड़ जड़ दिया. हालांकि विशाल ने कई दफा माफी भी मांगी थी.



**वड़ा पाव गर्ल और साईं केतन राव**

एक एपिसोड में साईं केतन राव ने वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित से पूछा कि क्या वह आर्म मसाज चाहती हैं. जवाब में चंद्रिका ने तुरंत इनकार कर दिया था. उनका कहना था कैमरे पर ये ठीक नहीं दिखेगा. इस बात को जब चंद्रिका ने सना को बताते हुए कुछ और ही कहानी सुनाई. चंद्रिका ने कहा मैंने कहा, मेरा मर्द बैठा है बाहर. खा जाएगा मुझे. मुझे पता है न उसने सबसे पहली शर्त मुझसे रखी थी कि चंद्रिका तुम लड़की के साथ बिस्तर शेयर करोगी. चंद्रिका की इस बात को साईं की दोस्त ने शो पर आकर सभी के सामने उठाया था.

**रणवीर शौरी ने सना मकबुल को कहा 'गटरछाप'**

बिग बॉस के दिए गए टास्क के दौरान रणवीर शौरी और सना मकबूल के बीच काफी तीखी बहस हो गई थी. दोनों ने एक दूसरे को खूब खरी खोटी सुनाई थी. रणवीर ने सना को 'गटरछाप' तक कह दिया था. पहले तो सना उनकी उम्र के चलते ज्यादा कुछ नहीं बोलीं, लेकिन आगे चलकर उन्होंने रणवीर के तलाक को लेकर तंज कसा. साथ ही सना ने उनके बेटे के दूर होने का भी जिक्र करते हुए रणवीर से झगड़ा किया.

**अरमान और कृतिका का वायरल वीडियो**

अरमान मलिक शो में अपनी दोनों पत्नियों के साथ आए थे. लेकिन उनकी पहली वाइफ पायल का सफर जल्दी ही खत्म हो गया था. पायल के घर से जाते ही अरमान और कृतिका का एक इंटीमेट वीडियो काफी वायरल हुआ था. इस वीडियो को लेकर काफी बवाल मचा था. शो के मेकर्स ने भी इस वीडियो को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इसके साथ छेड़छाड़ की गई है और वायरल क्लिप के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई थी.

# वो 5 कंटेस्टेंट जिन्होंने अपने गुस्से से सलमान खान को भी हैरान कर दिया



सलमान खान का शो बिग बॉस काफी समय से सुर्खियों में रहा है और अब ये शो ह्रञ्ञ प्लेटफॉर्म पर भी खूब पॉपुलैरिटी हासिल कर रहा है. बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन खत्म होने की कगार पर है. शो में अब सिर्फ 3 कंटेस्टेंट बचे हैं जिसमें से किसी एक के हाथ में बिग बॉस ओटीटी के तीसरे संस्करण की ट्रॉफी आएगी. इस बार शो में बॉलीवुड एक्टर रणवीर शौरी ने परफॉर्म किया था और वे फिनाले तक भी पहुंच गए हैं. माहौल तो इस बार अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियों ने बनाया. लेकिन बिग बॉस के इतिहास में ऐसा कई दफा देखने को मिला कि कंटेस्टेंट ने अपने गुस्से से अलग ही माहौल बना दिया. ऐसा माहौल कि क्या सलमान खान, क्या बिग बॉस, सभी के लिए टैकल करना मुश्किल हो गया.

**इमाम सिद्दीकी**

इमाम सिद्दीकी की बात करें तो वे एक एक्टर और स्टाइलिश हैं और वे सलमान खान के पॉपुलर शो बिग बॉस के 6वें सीजन में नजर आए थे. इस शो में काफी कॉन्ट्रोवर्सीज देखने को मिली थीं. खासकर इमाम और आशका गोराडिया के बीच की लड़ाई खूब सुर्खियों में रही थीं. वहीं वे खुद सलमान खान से भी भिड़ गए थे. ये बातें इमाम के खिलाफ गई थीं और उन्हें शो से बाहर का भी रास्ता दिखा दिया गया था.

**डॉली बिंद्रा**

डॉली बिंद्रा को बिग बॉस शो की अबतक की सबसे टफ कंटेस्टेंट माना जाता है. उन्होंने अपने करियर में कई फिल्में भी की हैं लेकिन इसके बाद भी उनकी पॉपुलैरिटी बिग बॉस से ही बढ़ी. बात-बात पर बाप पर मत जाना कहने वाली डॉली ने बिग बॉस 4 में पार्टिसिपेट किया था और पूरे शो में उनका अलग ही खौफ देखने को मिला था. डॉली शो जीत तो नहीं पाई थीं लेकिन उन्होंने शो में फैंस का भरपूर एंटरटेनमेंट किया था.

**प्रियंका जग्गा**

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की पर्सनालिटी काफी तगड़ी रही है और इंडस्ट्री में सभी उनसे खौफ खाते हैं. लेकिन बिग बॉस 5 में पूजा मिश्रा ने सभी हदें पार कर दी थीं. एक्ट्रेस ने सीधा सलमान खान से टक्कर ली थी. उनकी ये फाइट देशभर में सुर्खियों में रही थी.

**अरमान कोहली**

अरमान कोहली की बात करें तो वे फिल्म डायरेक्टर राजकुमार कोहली के बेटे हैं और उन्होंने कई सारी फिल्मों में काम भी किया है.

# अक्षय कुमार की नई बोतल में पुरानी शराब परोसने की कोशिश



बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के करियर में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. पिछले कुछ समय से उनकी फिल्में उस तरह से कलेक्शन नहीं कर पा रही हैं जैसी उम्मीदें उनसे रहती है. दर्शकों का भी मन उनकी फिल्मों से जरा हटा-हटा नजर आ रहा है. साल 2024 इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. पहले तो उनकी फिल्म बड़े मिया छोटे मियां ने निराश किया इसके बाद उनकी फिल्म सरफिरा भी सिनेमाघरों में कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी. अब उनकी तीसरी फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. आइये जानते हैं कि 2024 की अक्षय की तीसरी फिल्म का ट्रेलर कैसा है.

**कैसा है ट्रेलर ?**

ट्रेलर में देखा जा सकता है कि ये एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है और बेसिकली इसमें कपल्स की स्टोरी दिखाई गई है.



मैरिज लाइफ के बाद पुरुष की प्रिफरेंसेज क्या होती हैं महिलाओं की प्रेफरेंसेज क्या होती हैं और एक शादी में पर्सनल स्पेस की क्या एहमियत है इन सभी प्वाइंट्स को इस फिल्म में कवर करने की कोशिश की गई है.

अक्सर ऐसा देखने को मिलता है कि अक्षय कुमार अपनी फिल्मों में फ्लर्टिंग के सीन्स रखते हैं. उनके किरदार ही ऐसे होते हैं. और शुरू से रहे हैं. गरम मसाला जैसी फिल्मों को भला कौन भूल सकता है. खेल खेल में का ट्रेलर देखकर भी ऐसा लग रहा है कि अक्षय की उसी इमेज को भुनाने की कोशिश की गई है. फिल्म में कुछ सीन्स देखकर तो आपको गरम मसाला फिल्म के सीन्स की याद आने लग जाएगी. फिल्म की बात करें तो ये 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. इस फिल्म के साथ ही जॉन अब्राहम की वेदा और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 रिलीज की जाएगी. इन तीन फिल्मों के बीच में इस स्वतंत्रता दिवस के दिन कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी. इस फिल्म में अक्षय के अपोजिट वाणी कपूर नजर आएंगी.

## विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा का रविवार को शुभारंभ

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर दशहरा पर्व की शुरुआत श्रावण हरियाली अमावस्या यानी रविवार से हो जायेगी। इस दिन रथ बनाने के लिए जंगल से पहली लकड़ी ठुरलू खोटला माचकोट के जंगल से लेकर ग्रामीण आयेंगे। इस रस्म को पाट जात्रा कहा जाता है। वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार पाठ जात्रा के लिए ठुरलू खोटला लाने का जिम्मा बिलोरी के ग्रामीणों को दी गई है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा इस साल तृतीया तिथि दो दिन होने के कारण 15 की जगह 77 दिनों का होगा। विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व वर्ष 2024 का प्रथम विधान पाट जात्रा पूजा है। हरियाली अमावस्या के दिन रविवार को पाट जात्रा पूजा विधान कार्यक्रम मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने प्रातः 11 बजे सम्पन्न किया जाएगा। इसके बाद 16 सितम्बर को डेरी गड़ाई, दो अक्टूबर को काछन गादी और तीन अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ जोगी बिठाई रस्म होगी। पांच से 10 अक्टूबर तक रथ परिक्रमा कराया जाएगा।

## भजनलाल ने मिश्र को दी भाव भरी विदाई

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को शनिवार को यहां भाव भरी विदाई दी। श्री शर्मा ने हवाई अड्डे पर श्री मिश्र को पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें विदाई दी। उन्होंने श्री मिश्र को विदाई पर उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेमचंद बैरवा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और अन्य गणमान्य लोगों ने



भी उन्हें विदाई देते हुए उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि श्री मिश्र ने हाल में राजस्थान के राज्यपाल के रूप में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया और गत 31 जुलाई को उनकी जगह हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने राज्यपाल की शपथ ली।

## सड़क किनारे खड़ी मिनी ट्रक और बस की भिड़ंत, बस ड्राइवर की हालत गंभीर

**दौसा।** सदर थाना इलाके में एनएच 21 पर कालाखो के समीप शनिवार को सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक और बस की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बस में सवार 9 लोग घायल हो गए। इनमें बस ड्राइवर की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। बस में सवार लोग उत्तर प्रदेश के सिंडोली से खाटूश्यामजी दर्शनों के लिए जा रहे थे। सदर थाना प्रभारी हवासिंह ने बताया कि कालाखो के पास एक मिनी ट्रक खराब होने के कारण रोड के किनारे खड़ा हुआ था। सुबह करीब 5 बजे सिकंदरा की तरफ से आ रही बस ने मिनी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। चीख-पुकार सुन आसपास के लोग पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को बाहर निकाला। एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस में सवार बिन्देश्वरी देवी पत्नी जगदीश शर्मा निवासी मेडई पूर्वा भण्डिया थाना सिंधोली जिला सीतापुर, रविकुमार पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह निवासी विश्वा सीतापुर, स्नेह देवी पत्नी रविकुमार सिंह, जगदीश शर्मा (65) पुत्र रामनाथ शर्मा निवासी मेडई पूर्वा भण्डिया, संदीप पुत्र हरिगोविन्द शर्मा निवासी मेडई पूर्वा भण्डिया, अल्पना देवी पत्नी विनीत कुमार चौहान, वेद वर्मा पुत्र कित्तू वर्मा निवासी लखीमपुर खीरी, प्रीति पत्नी प्रदीप कुमार अवस्थी निवासी नील गांव थाना अटरीया और प्रमीला देवी पत्नी बिमलेश अवस्थी गरौली घायल हो गए। गंभीर घायल बस ड्राइवर वेद वर्मा पुत्र कित्तू वर्मा को एसएमएस जयपुर रेफर किया गया।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में फर्जी दरोगा पकड़ाया

**वाराणसी ।** काशी विश्वनाथ मंदिर में पुलिस की वर्दी में एक फर्जी दरोगा पकड़ा गया है। वह पूजा के लिए लाइन में लगा हुआ था। आरोपी का नाम अभय सिंह है जो जालौन का रहने वाला है। उसने बताया कि आसानी से प्रवेश पाने और पूजा करने के लिए वह पुलिस की वर्दी में आया था।

वाराणसी के संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. के. एजीलरसन ने बताया कि फर्जी टू-स्टार इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर मंदिर परिसर में एक युवक लाइन में खड़ा था। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को उसकी हरकतों पर शक हुआ और थोड़ी पूछताछ के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया।पुलिस ने बताया कि गेट पर रोककर जब तैनाती स्थल पूछा गया तो फर्जी दरोगा ने जालौन बताया। उसने थाने का नाम नहीं बताया। इसके बाद थाने का बैच और नाम पूछा तो वह भी नहीं बता सका। फर्जी दरोगा को रोकने के बाद वहां उपस्थित दरोगा को मामले की जानकारी दी गई। फर्जी खाकी वर्दी में पुलिस टीम युवक को थाने ले गई। थाने में इंस्पेक्टर चौक विमल मिश्रा ने आरोपी अभय प्रताप सिंह से पूछताछ की तो पूरा मामला खुल गया।

## जंगल में एक गुफा में फंसे थे चार आदिवासी बच्चे, वायनाड वन अधिकारी ने किया रेस्क्यू

**वायनाड ।** केरल के वायनाड में हुए बड़े पैमाने पर भूस्खलन में 300 से अधिक लोगों की जान जाने के बाद क्षेत्र में तैनात वन अधिकारियों ने बारिश और चट्टानी इलाके को पार करते हुए एक गुफा के अंदर से चार बच्चों का रेस्क्यू किया। बता दें कि बच्चे एक आदिवासी समुदाय से थे, जो आम तौर पर बाहरी लोगों से बातचीत करने से बचते हैं और जीवित चीजों और वन उत्पादों का उपयोग करते हैं। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम गुरुवार को एक आदिवासी परिवार को बचाने के लिए घने जंगल के अंदर गई। उनको गुफा में एक से चार साल की उम्र के चार बच्चे मिले। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के. हशीस ने बताया कि वायनाड के पनिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित एक गुफा में फंसा हुआ था। टीम को मौके पर पहुंचने में वन



अधिकारियों को साढ़े चार घंटे से अधिक का सफर तय करना पड़ा।

वन अधिकारियों ने चार बच्चों की मां को वन क्षेत्र के पास घूमते देखा जिससे पता चला कि चार बच्चे गुफा में फंसे हुए हैं। उनको बचाने के लिए अधिकारियों को फिसलन भरी चट्टानों पर चढ़ना पड़ा। साथ ही पेड़ों और चट्टानों से रस्सियां बांधनी पड़ीं। उन्होंने कहा कि यह रेस्क्यू बहुत खतरनाक था। हशीस ने कहा, बच्चे थके हुए थे और हमने जो कुछ भी साथ लाया था, उससे उन्हें खाना खिलाया। बाद में, बहुत समझाने के बाद, उनके पिता हमारे साथ आने के लिए सहमत हुए और हमने बच्चों को अपने शरीर से बांध लिया और वापस अपनी यात्रा शुरू की। फिर वे अट्टा माला के अवैध शिकार विरोधी कार्यालय में वापस आ गए, जहां बच्चों को खाना खिलाया गया और कपड़े और जूते दिए गए।

वन अधिकारी ने कहा, वे आम तौर पर वन उत्पादों पर जीवित रहते हैं और उन्हें स्थानीय बाजार में बेचकर चावल खरीदते हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि भूस्खलन और भारी बारिश के कारण उनको भोजन नहीं मिला था। हशीस के साथ, खंड वन अधिकारी बी एस जयचंद्रन, बीट वन अधिकारी के अनिल कुमार और आरआरटी (रैपिड रिस्पांस टीम) के सदस्य अनूप थॉमस ने परिवार को बचाने के लिए सात किलोमीटर से अधिक की लंबी यात्रा में भाग लिया।

## चंडीगढ़ जिला कोर्ट में पंजाब पुलिस के निलंबित एआईजी ने अपने दामाद की गोली मारकर हत्या की

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ जिला कोर्ट में शनिवार को पंजाब पुलिस के निलंबित एआईजी ने अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी मामले में दोनों पक्ष शनिवार को चंडीगढ़



फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे। आरोपी की पहचान निलंबित एआईजी मानवाधिकार मालविंदर सिंह सिद्धू के तौर पर हुई है। मरने वाला दामाद कृषि विभाग में आईआरएस था।

## राहुल गांधी के ईडी के बयान पर अभय चौटाला ने कहा, कुछ गलत किया है तो गिरफ्तार किया जाना चाहिए

**करनाल ।** हरियाणा में चुनावी माहौल गर्माता जा रहा है। राजनीतिक दलों ने जन सभाएं शुरू कर दी हैं। शनिवार को हरियाणा के करनाल में असंध विधानसभा क्षेत्र में इनेलो और बसपा ने एक संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर राहुल गांधी के ईडी के बयान पर, इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि अगर राहुल गांधी ने कुछ गलत किया है, तो ईडी को उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया, तो ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। चौटाला ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी ऐसा ही बयान देंगे कि ईडी उन्हें गिरफ्तार करने वाली है।

सम्मेलन में इनेलो नेता अभय चौटाला ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर इनेलो और बसपा की सरकार बनती है, तो बुजुर्गों को 7500 रुपये पेंशन दी जाएगी। बिजली, पानी, और शिक्षा मुफ्त होगी,



और किसी भी व्यक्ति के बीमार होने पर उसका इलाज मुफ्त में किया जाएगा। गृहणियों के खाते में हर महीने 1100 रुपये डाले जाएंगे, रसोई गैस मुफ्त होगी, और राशन कार्ड पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अभय चौटाला ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने लंबे समय तक शासन किया और लूट-खसोट की। इसलिए वे इस तरह के बयान दे रहे हैं। जब उनसे दीपेंद्र हुड्डा और कुमारी शैलजा की यात्रा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने मीडिया से कहा कि यदि आप दीपेंद्र हुड्डा और कुमारी शैलजा के शुभचिंतक हैं, तो उन्हें साथ लेकर आएं। हम चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किस पर साधा निशाना : राजनीति में पद, मद, स्थायी नहीं होते, पद का मद आ जाए तो कद घट जाता है

**जयपुर।** जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे नेकहा कि राजनीति का दूसरा नाम उतार-चढ़ाव है। हर व्यक्ति को इस दौर से गुजरना पड़ता है, और इस दौरान तीन प्रमुख चीजें सामने आती हैं–पद, मद, और क़द। उन्होंने स्पष्ट किया कि पद और मद स्थायी नहीं होते, लेकिन क़द स्थायी होता है। यदि किसी को पद का मद आ जाए, तो उसका क़द घट सकता है। वसुंधरा राजे के इस बयान के भी कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

श्रीमती राजे शनिवार को जयपुर में आयोजितमदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने मदन राठौड़ को प्रदेश की कमान सौंपे जाने से उन पर पूरा भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल लोगों को पद का मद आ ही जाता है, लेकिन मदन जी (मदन राठौड़) को कभी भी पद का मद नहीं आएगा। उनके अनुसार, जनता की चाहत, प्यार, और विश्वास सबसे बड़ा पद है, जिसे कोई भी छीन नहीं सकता। उन्होंने





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपने की सराहना की। श्रीमती राजे ने विश्वास जताया कि मदन राठौड़ -सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास की थीम पर सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि मदन जी के कार्यकाल को सफल बनाने के लिए सभी एकजुट होकर काम करें।

इसके अलावा, श्रीमती राजे ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और चंडीगढ़ के प्रशासक, और सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर को उनकी क़ाबिलियत के लिए बधाई दी और शुभकामनाएँ दीं।

## अयोध्या दुष्कर्म मामले में सियासत गरमाई, अखिलेश ने की डीएनए टेस्ट की मांग, मायावती ने उठाए सवाल

**लखनऊ ।** यूपी के अयोध्या में बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी समाजवादी पार्टी के भदरसा नगर अध्यक्ष मोईद खान की बेकरी पर चल रहे बुलडोजर की कार्रवाई के बीच राजनीति गरमा गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने डीएनए टेस्ट का सुझाव दिया है तो मायावती ने सपा पर सवाल उठाए हैं।

अयोध्या में आरोपी पर चल रही कार्रवाई सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ़ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सज़ा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। इस पर बसपा मुखिया



मायावती ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से लिखा कि यूपी सरकार द्वारा अयोध्या के गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी ख़ासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिन्तित करने वाली हैं। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाए तो बेहतर है। ज्ञात हो कि अयोध्या दुष्कर्म मामले में योगी सरकार एक्शन में है। बच्ची की मां से मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात के 24 घंटे बाद आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी को बुलडोजर से ढहा दिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह और अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह के साथ एसडीएम सोहावल अशोक सैनी की मौजूदगी में भारी पुलिस फोर्स को लेकर कार्रवाई शुरू की गई। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सतेंद्र सिंह ने कहा कि बेकरी तालाब की जमीन पर बनी थी। जांच के बाद एक्शन लिया गया। आरोपी की अवैध संपत्तियों की जांच की जा रही है। इधर, योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद पीड़ित बच्ची से मिलने अस्पताल पहुंचे। बाहर निकलकर वह फूट-फूटकर रोए। उन्होंने कहा कि अखिलेश का पीडीए झूठा साबित हो रहा है। लगता है कि इन अपराधियों के सहारे इनकी जीत हुई।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विषय का बैठक

**नामची।** नामची जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग कि और से ऑफिसर्स क्लब नामची में एक बैठक आयोजित की। इस दौरान सुश्री अजीता राजलिम जिला अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं सत्र के दौरान एनएमसी के अध्यक्ष गणेश राई, प्रमुख सचिव (आईएफएस) सीएस रावं, सुश्री अनुपातमलिंग (डीसी नामची), सुभाष घिमिरे (एडीसी नामची), नीरज प्रधान (प्रमुख मुख्य अभियंता), श्रीमती शांति तमांग (मुख्य अभियंता), काजी शेरपा (संयुक्त निदेशक), निर्मल सिंनूरी (उप निदेशक), सुश्री विजेता छेत्री (एडी), विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि, पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग नामची के कर्मचारी और सभी होटल और होमस्टे हितधारक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सुश्री अंजीता राजलिम ने नामची जिले में पर्यटन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदन को बताया कि जिले में बहुत सारे पर्यटन स्थल हैं और विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे सभी पर्यटन बुनियादी ढाँचे का उपयोग करें, क्योंकि कई कार्यात्मक नहीं हैं। उन्होंने यह भी अपील की कि पर्यटन स्थलों पर कई कैफेटेरिया को क्रियाशील बनाया जाए ताकि स्थानीय युवा इसका लाभ उठा सकें। प्रधान सचिव श्री सी.एस. राव ने नामची में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चल रही और भविष्य की पहलों पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन को बहुवा देने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर यह बैठक आयोजित की गई थी।

## केदारनाथ में फंसे यात्रियों को निकलने का काम जारी,अब तक 7234 यात्री रेस्क्यू

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के केदार घाटी में बुधवार रात्रि को हुई अत्यधिक बारिश के कारण केदार घाटी में कई जगह रास्ते क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभिन्न पड़ावों पर फंसे तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा बल लगातार कार्य कर रहे हैं। अब तक कुल 7234 यात्रियों को हेलीकॉप्टर एवं मैनुअल तरीके से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है।

हर स्तर पर सभी लोगों के सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बचाव कार्यों में तेजी लाने हेतु वायु सेना का चिनूक एवं एमआई 17 विमान से भी यात्रियों को एयर लिफ्ट किया गया। वहीं मैनुअल रेस्क्यू भी लगातार जारी है।

आपदा में मृतकों एवं गुमशुदा यात्रियों के संबंध में रुद्रप्रयाग प्रशासन द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि अभी तक दो मृतकों के शव बरामद हुए हैं। दोनों



ही शव लिंचोली क्षेत्र से बरामद हुए हैं। किसी के गुमशुदा होने की कोई सूचना नहीं है। नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या के कारण यात्रियों को परिजनों से संपर्क करने में समस्या हो रही है।

विभिन्न यात्रा पड़ावों पर ठहरे यात्रियों हेतु प्रशासन के स्तर से पर्याप्त भोजन, पानी व आवासीय व्यवस्था भी की गई हैं।

जनपद पुलिस के स्तर से हेल्पलाइन नम्बर 7579257572, 01364-233387 व आपातकालीन नम्बर 112 जारी कर यात्रियों के परिजनों की कॉल्स पर आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

भीमबली में रुके यात्रियों को प्रीपेड काउंटर पर लगे वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से 150 यात्रियों ने अपने परिजनो से वार्ता कर अपनी-अपनी कुशलता दी गई है।

शुक्रवार को 599 लोगों को हेली सेवाओं से एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किया गया, जबकि सोनप्रयाग से जंगलचट्टी के बीच फंसे 2024 तथा चौमासी से 161 तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू किया गया। अभी रेस्क्यू का अभियान बारिश के कारण बंद कर दिया गया है तथा सभी यात्री गण सुरक्षित स्थानों पर रखे गये हैं।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, वन विभाग, संबंधित जिला पुलिस और फायर एवं इमरजेंसी सेवाएं की टीमें बचाव कार्य में जुटीं हैं।

## हरियाली अमावस्या पर दुर्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध,अधिक भीड़ की संभावना से प्रशासन ने लिया निर्णय

**चित्तौड़गढ़।** रविवार को जिले में मनाए जाने वाले हरियाली अमावस्या पर्व पर दुर्ग पर पर्यटकों के काफी संख्या में आने की संभावना एवं पदयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। दुपहिया, तिपहिया, चौपहिया व बड़े वाहनों का दुर्ग पर पूर्ण निषेध रहेगा। वाहनों की पार्किंग के लिए शहर में विशेष स्थान चिन्हित किये गए है।

चित्तौड़गढ़ जिले में प्रचुर मात्रा में पर्यटन स्थल होने व पर्यटन की श्रेणी में अग्रणी जिला होने की वजह से रविवार को मनाये जाने वाले हरियाली अमावस्या पर्व पर जिले के पर्यटन स्थलों पर लोगो की भीड़ अधिक रहेगी। चित्तौड़गढ़ दुर्ग विश्व प्रसिद्ध होने से यहां पर्यटक भारी संख्या में वाहन के साथ आएंगे जिससे उनके वाहनों से यातायात व कानून व्यवस्था सुचारू रखने एवं पदयात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से हरियाली अमावस्या पर यातायात के पुख्ता प्रबंध करते हुए दुर्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध किया गया है।इस अवसर पर किसी प्रकार की



कोई दुघर्टना घटित ना हो और कानून व्यवस्था प्रभावीत ना हो इसके लिए हरियाली अमावस्या को देखते हुए दुर्ग पर समस्त प्रकार के वाहनों पर रोक लगाई गई है। वृत्ताधिकारी चित्तौड़गढ़ मुख्यालय तेजकुमार पाठक के अनुसार दुर्ग पर जाने वाले दुपहिया, तिपहिया व चौपहिया वाहनों को पाडन पॉल से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। हरियाली अमावस्या इस बार रविवार के दिन होने से अधिक पर्यटकों को आवाजाही के दृष्टिगत प्रातः7 बजे से रात्रि 10 बजे तक पाडनपोल से दुर्ग पर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनो का आवागमन पुर्ण रूप से बंद रहेगा।

**दुर्ग भ्रमण पर आने वाले आमजन के वाहनो की पार्किंग की व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी**

कलेक्ट्री चौराया व बेगुं की तरफ से आने वाले वाहनो की पार्किंग व्यवस्था ईदगाह के पीछे द्वारिका धाम में रहेगी। गांधीनगर व पन्नाधाय बस स्टेण्ड की तरफ आने वाले वाहन चालक आने वाहनो को सुविधानुसार पद्मिनी मॉल के पीछे खनिज विभाग की रोड की साईड में व आकाशवाणी गांधीनगर वाली रोड पर एक साईड में सुव्यवस्थित पार्किंग करेंगे। भारी वाहनो का शहर में पुर्णतया प्रवेश निषेध रहेगा। दुर्ग पर निवासरत लोग के भी दुपहिया, तिपहिया व चौपहिया वाहन दुर्ग पर नहीं आ जा सकेंगें। वे भी अपना आवश्यक कार्य 7 बजे पूर्व निपटाले। पुलिस उप अधीक्षक यातायात रामेश्वर लाल ने आमजन से यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

## यूपी में 9 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा : सीएम योगी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यंत धूमधाम से मनाएगी। इस वर्ष 9 से 15 अगस्त 2024 के मध्य प्रदेशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरुआत आगामी 9 अगस्त से होगी। इस अवसर पर प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए।

उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात नायकों के संबंध में बुकलेट तैयार कराई जाए तथा प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनपद व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए। विजेता बच्चों को काकोरी स्मारक स्थल का भ्रमण भी कराया जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन कार्यक्रमों से केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ें। पर्यटन व संस्कृति विभाग इस आयोजन का नोडल विभाग है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों को काकोरी ट्रेन एक्शन व हर घर तिरंगा से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर निर्देशित करें। साथ ही संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्ष भी अपने स्तर से विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों के बारे में दिशा-निर्देश दें। योगी ने कहा कि पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पैरामिलिट्री, मिलिट्री, एनसीसी व स्कूलों के बैंड का प्रशिक्षण कराते हुए 9 से 15 अगस्त तक प्रदेश के शहीद स्थलों, स्मारकों इत्यादि पर राष्ट्रधुन व राष्ट्रभक्ति के गीत बजाए जाएं। युवक व महिला मंगल दल, स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों को भी काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव व हर घर तिरंगा कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न नागरिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं व जनसहभागिता के माध्यम से रक्तदान शिविर आदि का भी आयोजन किया जाए ।

# प्राचार्य संगोष्ठी में आए हुए समस्त प्राचार्य को जिला संघ मुरैना द्वारा फोल्डर प्रदान किया। तत्पश्चात बैठक में आए हुए समस्त प्राचार्य एवं संचालक मंडल का आभार श्री शेखर सिंह यादव जिला सचिव जिला संघ मुरैना द्वारा किया गया।







भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल एवं संभागीय स्काउट मुख्यालय चंबल संभाग मुरैना के निर्देशों के तहत जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड श्री गिर्राज सिंह यादव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक एवं जिला कमिश्नर स्काउट जिला मुरैना के मार्गदर्शन में शनिवार को डाइट मुरैना में जिला स्तरीय प्राचार्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय प्राचार्य संगोष्ठी का संचालन श्री सुखदेव सिंह सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग द्वारा किया गया। प्राचार्य संगोष्ठी में मुरैना जिले से 130 से अधिक प्राचार्य सम्मिलित हुए। संगोष्ठी के सफल आयोजन में सर्वश्री शेखर सिंह यादव जिला सचिव मुरैना, श्री सीताराम गुर्जर जिला कोषाध्यक्ष, मुरैना श्री अतर सिंह राजपूत जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मुरैना, श्री हरेंद्र दीक्षित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मुरैना द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। संगोष्ठी के सफल आयोजन में श्री लाखन सिंह गुर्जर, श्री अनुपम जादौन, श्रीमती पूजा एवं मुरैना नगर की रेंजर्स का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

संगोष्ठी एजेंडा अनुसार श्री सुखदेव सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ की गई। श्री चौहान द्वारा संगोष्ठी में पधारे हुए समस्त सम्माननीय प्राचायों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास संक्षेप में बताया। स्काउटिंग क्या है, कहां से शुरू हुई, किसने शुरू की, इसका क्या उद्देश्य था, विद्यालय में दलों का गठन, दलों का पुनर्गठन, दल पंजीयन, स्काउट गाइड गतिविधियां संचालित करने, प्रति सप्ताह दो दिन बुधवार और शुक्रवार को दो कालखंड स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों के लिए निर्धारित करने, युवा कार्यक्रम में स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, कब, बुलबुल को सम्मिलित करने एवं वयस्क प्रशिक्षण शिविरों में स्काउटर - गाइडर को विभिन्न प्रशिक्षकों में सम्मिलित करने, संख्यात्मक एवं गुणात्मक विकास के लक्ष की पूर्ति सुनिश्चित करने, दल स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन करने, वृक्षारोपण कार्यक्रम करने, स्काउटर-गाइडर बैठक में स्काउट शिक्षकों एवं गाइड शिक्षकों को सम्मिलित करने, विद्यालय, संकुल केंद्र के अप्रशिक्षित शिक्षकों को विकासखंड स्तरीय बिगनर्स प्रशिक्षण में सम्मिलित कराने, राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के पालन में इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर माह में संभाग स्तरीय स्काउट गाइड रैली का आयोजन करने की जानकारी संगोष्ठी में दी। समस्त प्राचार्य से अनुरोध किया कि वे अभी से अपने-अपने विद्यालयों से अधिक से अधिक स्काउट गाइड को संभागीय रैली में सम्मिलित कराएं। रैली की तैयारी अभी से ही विद्यालयों में प्रारंभ करें।

श्री अतर सिंह राजपूत जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मुरैना ने वयस्क प्रशिक्षण के संबंध में प्राचार्य संगोष्ठी में जानकारी दी।

संगोष्ठी में दलों के संचालन में प्राचार्य को आने वाली कठिनाइयों का समाधान श्री सुखदेव सिंह चौहान संगोष्ठी संचालक द्वारा किया गया। प्राचार्य संगोष्ठी की व्यवस्थाओं में सर्वश्री शेखर सिंह यादव जिला सचिव मुरैना डॉ राकेश कुमार शर्मा, श्री सीताराम गुर्जर, श्री लाखन सिंह यादव, श्री अनुपम जादौन, श्रीमती पूजा एवं रेंजर द्वारा सराहनीय सेवाएं प्रदान की गई। प्राचार्य संगोष्ठी में आए हुए समस्त प्राचार्य को जिला संघ मुरैना द्वारा फोल्डर प्रदान किया। तत्पश्चात बैठक में आए हुए समस्त प्राचार्य एवं संचालक मंडल का आभार श्री शेखर सिंह यादव जिला सचिव जिला संघ मुरैना द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के साथ बैठक संपन्न हुई। मुरैना जिले की शानदार जिला स्तरीय प्राचार्य संगोष्ठी के सफल आयोजन पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग चंबल मुरैना ग्वालियर डॉ. दीपक पांडे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक, जिला स्काउट कमिश्नर मुरैना ने संचालक मंडल को बहुत-बहुत बधाई दी है।।

## टीएल बैठक आज

मुरैना 04 अगस्त, 2024/कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री बनबारी लाल ने शासकीय गौशाला चांदपुर का किया निरीक्षण



मुरैना कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री बनबारी लाल ने गत दिवस शासकीय गौशाला चांदपुर का निरीक्षण किया। श्री बनबारी लाल द्वारा शासकीय गौशाला चांदपुर ( दिमनी,अम्बाह) में की जा रही सेवा और उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की। जिला सीईओ ने आकांक्षी ब्लॉक योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडगढ पर समीक्षा बैठक ली

# गर्भवती माताओं का विशाल एएनसी चेकअप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडगढ़ पर सम्पन्न





**मुरैना** ।कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत डॉ इच्छित गढ़पाले ने आकांक्षी ब्लॉक योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडगढ पर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कैम्प का अवलोकन किया और कैम्प की तैयारियों तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडगढ पर गर्भवती माताओ को प्राइवेट बस, 108 एम्बुलेंस तथा आरबीएसके वाहन द्वारा विशाल कैम्प में लाने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तर से महिला रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाई थी। जिनके माध्यम से समस्त माताओं का चेकअप किया गया। कैम्प में आने वाली माताओं के लिए पंजीकरण स्टॉल, सामान्य जॉच, नर्सिंग स्टेशन, लैब जॉच एवं पेट के जॉच की व्यवस्था की गई थी।नअंचल के समस्त 22 उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं 7 पीएचसी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगी, एएनएम, एमपीएस तथा सीएचओ द्वारा संयुक्त रूप से महिलाओं को कैम्प में उपस्थित होने हेतु मोबिलाइज किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने पहाडगढ की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए कैम्प के लिए की गई तैयारियों एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त कर्मचारियों की मेहनत एवं प्लानिंग की प्रशंसा की। कैम्प में उपस्थित गर्भवती माताओं को प्रसव के दौरान होने वाली पी?ा को कम करने के लिए डॉ. अंशुल गढ़पाले द्वारा फिजियोथैरेपी एवं व्यायाम के माध्यम से कैसे कम किया जा सकता है, उसके बारे में जानकारी दी। डीपीएम श्री एस.पी. श्रीवास्तव एवं सीबीएमओ डॉ. अनुभा महेश्वरी ने कैम्प में उपस्थित महिलाओं को बताया कि पहाडगढ़ ब्लॉक आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चयनित है। आकांक्षी ब्लॉक के अंतर्गत समस्त माताओं के सम्पूर्ण चेकअप की व्यवस्था की गई एवं आवश्यकतानुसार चिन्हित माताओं का यूएसजी भी सुनिश्चित कराया जाएगा। कैम्प के दौरान कुल लक्षित 300 गर्भवती माताओं में 247 माताओं का पंजीयन एवं जॉचें की गई। कैम्प में 20 आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये।

# तिरंगा हमारा गर्व, गौरव और सम्मान है-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आव्हान

मुरैना /मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तिरंगा हमारा गर्व, गौरव और सम्मान है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से राष्ट्र प्रेम की नवज्योति जागृत करने एवं आजादी के नायकों को याद करने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि 9 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकरॉtiranga.com पर अपनी सेल्फी अपलोड करें और इस अभियान को सफल बनाएँ।

# ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन अवधि 5 अगस्त तक बढ़ाई ,कृषि मंत्री श्री कंषाना ने किसान हितैषी निर्णय के लिये जताया आभार

मुरैना /प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन की अवधि 5 अगस्त तक बढा दी गई है। किसान भाई समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग विक्रय करने के लिये अपना स्लॉट बुक करा सकते हैं। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसानों के हित में लिये गये इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिये प्रदेश समस्त किसानों की ओर से आभार जताया है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया है कि किसानों की मांग पर उपार्जन की अवधि को ब?ाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके द्वारा किये गये अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सहमति और निर्देश पर सरकार ने 31 जुलाई तक की निर्धारित उपार्जन अवधि को 5 अगस्त तक ब?ाने का महत्वपूर्ण किसान हितैषी निर्णय लिया। मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि स्लॉट बुकिंग के बाद उपार्जन नहीं होने और कुछ किसान भाईयों के द्वारा स्लॉट बुक करा पाने की जानकारियों के संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेरे अनुरोध को स्वीकार करते हुए किसानों के हित में 5 अगस्त तक ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन का निर्णय लिया।

# मुरैना के सबलगढ़ में रेत की खदान धंसकी, तीन दबे, एक की मौत



सबलगढ़, । सबलगढ़ क्षेत्र के बटेश्वरा पंचायत के भ्याना गांव में शुक्रवार की सुबह खेत की खदान धंसकने से तीन युवक दब गए। जिसमें से दो को तो बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक की मौत हो गई। खास बात यह है कि इस बात की कहीं कोई सूचना नहीं दी और मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।पुलिस से इस मामले में बात की गई तो बताया कि इस तरह के मामले की उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। जबकि स्थानीय लोग हादसे को स्वीकार कर रहे हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भ्याना गांव में कुछ लोग रेत का उत्खनन कर रहे थे। यहां घाट से दूर खेतों में भी मिट्टी मिला रेत खनन किया जाता है। जहां पहाड़ी जैसी स्थिति में यह रेत रहता है। इसी बीच यह खदान धंसक गई। जिसमें तीन लोग इसके नीचे दब गए। जिसमें दो को तो सुरक्षित निकाल लिया गया।

**रामनिवास रावत उम्र 45 साल इसमें दबा रह गया**-जिससे उसकी मौत होना बताया जा रहा है। बताया जाता है कि इस मामले की कहीं कोई सुराग नहीं लगा और स्वजन ने उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया।

# प्रदेश में कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में निर्देश

मुरैना /विगत दिनों प्रदेश में कुएं के अंदर जाने से कुछ व्यक्तियों की दर्दनाक मृत्यु हो गई है , यह घटना 25 जुलाई 2024 को कटनी तथा दो अगस्त 2024 को छतरपुर जिले में घटित हुई है। यह दोनों घटनाएं अत्यंत ही हृदय विदारक है। राजस्व एवं पदेन राहत आयुक्त के प्रमुख सचिव श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस संबंध में प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें उल्लेख है कि नागरिक कुंए के अंदर ना जाएं क्योंकि कुएं की गहराई में कार्बन मोनो आक्साईड जैसी जहरीली गैसे पाई जाती हैं, जिससे व्यक्ति तत्काल मुर्छित हो जाता है और मृत्यु भी हो जाती है।

# दिल्ली में मौत का घर बना शेल्टर होम



देश की राजधानी में विकलांग सिस्टम और परस्पर आरोप लगा कर पल्ला झाड़ लेने वाली राजनीति ने मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के आश्रय के लिए बनाए गए शेल्टर होम को मौत का घर बना दिया। यह न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि दिल दहलाने वाली ऐसी क्रूरता का भी उदाहरण है जिसने एक महीने में 14 बच्चों की जान ले ली है। वहीं इस साल में कुल मौतों की बात करें तो ये संख्या 27 है। चौंकाने वाली बात यह है कि अभी तक इसका कोई नोटिस नहीं लिया गया था। इस शेल्टर होम की अंदर की स्थिति बेहद खराब है।इतना ही नहीं, बच्चों को सिर्फ आधा ही खाना दिया जाता है।आलम यह है कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए बनाया गया आशा किरण होम अब उनके लिए डेथ चैंबर बन रहा है। उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने इन मौतों को सबसे वंचित लोगों के खिलाफ़ अपराध करार दिया है तो विपक्षी दलों भाजपा और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया और आश्रय गृह के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया। आतिशी ने मौतों की मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा की, जिसके बाद उपराज्यपाल सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को आशा किरण में हुई मौतों सहित शहर द्वारा संचालित सभी आश्रय गृहों की स्थिति की व्यापक जांच करने का निर्देश दिये और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। यहां काम करने वाली महिला का कहना है कि जो सुविधा 4 साल पहले बच्चों को दी जाती थी, वो अब नहीं मिलती। पहले बच्चों को दूध, अंडा सब मिलता था, लेकिन अब सब बंद कर दिया गया है और सिर्फ दाल रोटी मिलती है।इतना ही नहीं, करीब दो दर्जन बच्चों को टीबी की बीमारी बताई गई है।इसके पीछे का कारण बच्चों को सही डाइट न मिलना और अधिक संख्या में लोगों को इसमें भर देना है। एसडीएम ऑफिस के सूत्रों के मुताबिक शेल्टर होम की क्षमता लगभग 500 है, लेकिन अंदर लगभग 950 लोग हैं।ऐसे में सवाल उठता है कि जिस दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में जाना और पहचाना जाता है, वहां कहीं ना कहीं पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर चरमराता नजर आ रहा है,जो जानकारी मिल रही है उससे पता चलता है कि बच्चों को ठीक से खाना नहीं दिया जा रहा था,बीमार हो जाते हैं तो इलाज नहीं दिया जाता। ऐसे में एक महीने में 14 मौत हो जाना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है।आशा किरण में मौत के मामले में दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात ये कि जुलाई महीने में ही एक महीने के अंदर 14 मौतें हुई है।

## पेरिस ओलंपिक को समर्पित डाक टिकट का अनावरण करेंगे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और डॉ.मनसुख एल. मांडविया


2 of 2

PARIS 2024 INDIA

Secretary Posts,
cordially invites you to the release ceremony of
Commemorative Postage Stamp on
XXXIII Olympics Paris 2024
by
Shri Jyotiraditya M. Scindia, Hon'ble Union Minister of Communications & Development of North Eastern Region
&
Dr. Mansukh Mandaviya, Hon'ble Union Minister of Youth Affairs & Sports and Labour & Employment
on Monday, 5th August, 2024, at 12:00 pm
at Rang Bhawan, All India Radio, New Delhi-110001

RSVP
Sachin Kishore
DDG (Philately & Marketing)
Department of Posts
Ph: 011- 23096095

नई दिल्ली के आकाश वाणी भवन में भारतीय डाक विभाग द्वारा पैरिस ओलंपिक को समर्पित डाक टिकट जारी किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में भारत सरकार के संचार व उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व श्रम और रोजगार मंत्री एवम युवा मामले और खेल मंत्री डॉ.मनसुख एल. मांडविया शामिल होंगे व डाक टिकट का अनावरण करेंगे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के स्वरूप में इस बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह , अन्य पूर्व ओलम्पियन एवं क्रिकेट क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल होंगे । डाक विभाग द्वारा प्रत्येक ओलंपिक खेल आयोजन के दौरान एक विशेष समर्पित डाक टिकट जारी किया जाता है ।

## हरियाली अमावस्या पर श्री सिद्देश्वर मंदिर भिंड रोड पर किया वृहद पौधारोपण




ग्वालियर।÷एक पेड़ मां नाम÷ अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशन में जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर श्री सिद्देश्वर मंदिर भिंड रोड पर जिला प्रशासन एवं ग्वालियरद्व के फेफड़े जन अभियान के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर श्री दीपक पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार , जिला परियोजना समन्वयक रविंद्र सिंह तोमर जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर तथा भानु प्रताप सिंह चौहान नें वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया।

## बजरंग भक्त मंडल ने हरियाली अमावस्या पर की गौसेवा एवं मानव सेवा



बजरंग भक्त मंडल द्वारा हरियाली अमावस्या पर्व पर जनकताल स्थित गौशाला में 800 किलो हरे चारे की सेवा मंडल के सदस्य दीपक सोनी,श्रीमती अग्रवाल,अग्रवाल जी खासगी बाजार वाले,विशाल अग्रवाल एवं शर्मा जी के सहयोग से एवं 1000 विस्तर अस्पताल पर प्रत्येक माह की जाने वाली नर सेवा नारायण सेवा अंतर्गत नमकीन चावल एवं हलुआ प्रसादी का वितरण मंडल के सदस्य ओझल अग्रवाल के सहयोग से किया गया एवं कनेर प्रजाति के पौधो का रोपण भी गौशाला में किया गया।मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया की अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष महत्व है और इस दिन दान पुण्य का विशेष फल प्राप्त होता है एवं पौधारोपण का भी महत्व है।

आज की सेवाओं में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव राकेश मंगल,उपाध्यक्ष अमन गर्ग,सहसचिव नमन अवस्थी,कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल,कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल,संजीव गुप्ता, पुनेश पाल,दीपक बघेल,हरीश चंद्र अग्रवाल,हिमांशु बघेल,हरीश राठौर,अनुज गोयल,विजय बंसल,मयंक शुक्ला,राजू शुक्ला, आदि सदस्य उपस्थित थे

### उद्योगों का विस्तार कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएँ: ऊर्जा मंत्री

# मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा औद्योगिक निर्बाध विद्युत प्रदाय सेमीनार का आयोजन

ग्वालियर . ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर अंचल के औद्योगिक इकाईयों का आह्वान किया है कि वे उद्योगों का विस्तार करें एवं युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बिजली की आपूर्ति औद्योगिक क्षेत्र को निर्बाध रूप से की जायेगी। इसके लिये सभी व्यवस्थायें बनाई जा रही हैं। श्री तोमर रविवार को मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ग्वालियर के सभागार में ÷औद्योगिक निर्बाध विद्युत प्रदाय सेमीनार÷ में उपभोक्ताओं के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल, निदेशक तकनीकी दीप्तापाल सिंह, निदेशक वाणिज्य सुधीर कुमार श्रीवास्तव, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र राजीव गुप्ता के साथ ही विद्युत अधिकारी और बड़ी संख्या में औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बामोर, सीतापुर, मुरैना, ग्वालियर, मालनपुर की औद्योगिक इकाईयों की शिकायतों के निराकरण के लिये बिजली अधिकारी एक सप्ताह के अंदर मौके का मुआयना करेंगे और उनकी शिकायतों के निराकरण के लिये सभी जरूरी प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले माह में चेम्बर के साथ पुनः बैठक आयोजित की जायेगी। ग्वालियर में 28 अगस्त को प्रस्तावित इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव की बैठक से पूर्व वे पूरे ग्वालियर अंचल के औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। विद्युत समस्या के निराकरण के लिये ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने स्वयं एवं विभागीय अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर औद्योगिक क्षेत्र




की समस्यायें सुनी हैं और उनके निराकरण का कार्य भी तेजी से प्रारंभ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दिनों में औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा के लिये पुलिस अधिकारियों के साथ भी बैठक चेम्बर ऑफ कॉमर्स आयोजित करेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बैठक में जानकारी दी कि बामोर, मालनपुर आदि औद्योगिक विकास केन्द्रों के लिये एक अतिरिक्त गाड़ी और स्टाफ स्वीकृत किया जा रहा है। इससे लाइनों के मेंटेनेंस और उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण का रिस्पांस टाईम कम होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं के वॉट्सएप ग्रुप में बिजली अधिकारी आवश्यक रूप से शामिल होंगे और ग्रुप में औद्योगिक उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने बैठक के दौरान विभिन्न औद्योगिक उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों के निराकरण की पहल की और बताया कि लाइनों के विस्तार के लिए ओद्योगिक विकास केन्द्र के साथ मिलकर जल्द ही काम सम्पन्न कराए जायेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दो-तीन सप्ताह में लाइनों के मेंटेनेंस का कार्य भी किया जायेगा। जिससे विद्युत समस्याओं में कमी आयेगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत समस्या के संबंध में विस्तार से अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिये उद्योगों को निर्बाध विद्युत मिले, यह बहुत ही आवश्यक है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों के लिये सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुछ दिन पूर्व नगर निगम आयुक्त के साथ भी बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे, जिस पर अमल प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में ऊर्जा मंत्री एवं अधिकारियों को अवगत कराया।

# गौशाला को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें : निगमायुक्त



ग्वालियर। गौशाला को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये। यह गौशाला ग्वालियर की ही नहीं बल्कि प्रदेश की एक अत्याधुनिक गौशाला है। हमारे प्रयास ऐसे होने चाहिये की शहर में आने वाले पर्यटक गौशाला भी देखने आये। यह बात निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला में 108 पौधों का रोपण करते हुये कहीं। नगर निगम की आदर्श गौशाला में रविवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने 108 पौधों का रोपण किया। जिनमें पीपल, बरगद, नीम, आम, जामुन इत्यादि छायादार और फलदार पौधे रोपे गए, सभी पौधे 8 से 10 फीट ऊंचे थे। पौधारोपण के अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि गौशाला को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये। यह गौशाला ग्वालियर की ही नहीं बल्कि प्रदेश की एक अत्याधुनिक गौशाला है। हमारे प्रयास ऐसे होने चाहिये की शहर में आने वाले पर्यटक गौशाला भी देखने आये। गौशाला का संचालन संभाल रहे श्री कृष्णायन देसी गौरक्षा शाला के संत ऋषभ देवानंद से निगमायुक्त से गौशाला को और अधिक विकसित करने के विषय में चर्चा भी की। इस अवसर पर अपर आयुक्त विजय राज सहित अन्य समाजसेवी भी उपस्थित थे।

## अनुराग जी के विचार, उनकी जीवन यात्रा सदैव हमारे बीच रहेगी: नरेंद्र तोमर

**- मेला प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अनुराग बंसल को भाजपा नेताओं ने की श्रद्धांजिल अर्पित**

ग्वालियर। मुझे अनुराग जी के साथ भिन्न-भिन्न भूमिकाओं में काम करने का अवसर मिला। जब उनसे किसी मामले में चर्चा करता था तो कई बार ऐसा लगता था कि अगर इन विचारों को क्रियान्वयन कर दिया जाए तो निश्चित ही परिर्वतन हो सकता है। आज स्व. अनुराग जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनका जीवन, उनकी जीवन यात्रा, उनके विचार, उनका समर्पण हमेशा हमारे बीच रहेगा। जिससे हम प्रेरणा व मार्गदर्शन भी ले सकते हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात रविवार को मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने महावीर भवन में आयोजित स्व. अनुराग बसंल की श्रद्धांजलि सभा में कही। मप्र विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि जब किसी कार्यकर्ता को कोई समस्या होती थी तो वह अपनी समस्या को लेकर अनुराग जी के पास जाता था तो वह उस समस्या को अपना सम्मान समझते थे और उस कार्यकर्ता के लिए हमेशा आगे ख? रहते थे। उन्होंने कहा कि अनुराग जी के निधन से उनके परिवार पर वज्रपात टूटा है। भगवान दुख की इस घडी में उन्हें सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्ययशवंत इंदापुरकर ने कहा कि स्व. अनुराग जी पार्टी प्रमुख नेताओं में से एक थे, उन्होंने हमेशा सभी की मदद की, लेकिन कभी भी आगे आकर उसका श्रेय नहीं लिया।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने हजारों बच्चों को दिखवाया जादूगर अजूबा का शो



ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 29, 57, 58, 59 एवं 60 के हजारों बच्चों को विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज रविवार को सुबह 9 स्पेशल शो के तहत जादूगर अजूबा दिखवाया। बच्चों में भारी उत्साह था और भगवत सहाय मेडिकल सभागार में बच्चें सतीश मामा जिंदाबाद, सतीश चाचा जिंदाबाद, सतीश भैया जिंदाबाद के जोशीले नारे लगाते हुये हॉल में प्रवेश कर रहे थे। हजारों बच्चों को स्वल्पहार और पानी की बोतल मुहैया कराई गई। वार्डो से बच्चों को लाने ले जाने के लिये बसों की व्यवस्था की गई थी। बच्चें जादू देखकर बेहद रोमांचित थे। बच्चों की देखरेख के लिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम लगाई गई थी और विधायक डॉ. सिकरवार ने स्वयं बच्चों के साथ बैठकर जादू का शो देखा। बच्चों की रवानगी तक विधायक डॉ. सिकरवार स्वंय व्यवस्था देख रहे थे। बच्चों के मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार 11 अगस्त को कांग्रेस विधायक डॉ. सिकरवार के द्वारा डॉक्टर भगवत सहाय मेडिकल सभागार में विख्यात जादूगर अजूबा का स्पेशल शो सुबह 8.30 बजे दिखवाएंगे। आगामी रविवार को वार्ड क्रमांक 45 एवं 56 के बच्चे शामिल रहेंगे । बच्चों को लाने और छोड़ने के लिए बसों की व्यवस्था रहेगी।

# हरियाली अमावस्या पर सावन आया झूम के, , मौसम हुआ सुहावना

ग्वालियर। रविवार को हरियाली अमावस्या पर ग्वालियर में दिनभर झमाझम बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिससे लगभग 50 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो गई और मौसम में काफी ठंडक खुल गई। बीते दो दिन तक आसमान साफ रहने की वजह से शहरवासियों को उमस वाली गर्मी से चैन नहीं मिल रहा था। लेकिन शनिवार रविवार की दरमियानी रात से बारिश ने न्यूनतम तापमान में भी गिरावट ला दी। जबकि रविवार की सुबह सिस्टम सक्रिय होने के बाद आसमान से सावन के बदरा झूमकर बरसने लगे और यह सिलसिला देर शाम तक भी जारी रहा। सावन के महीने में दूसरी सबसे अच्छी बारिश मानी जा रही है। सावन का महीना लगे हुए 15 दिन बीत चुके हैं। रविवार को हरियाली अमावस्या के पर्व पर मानसून काफी मेहरबान दिखे ।और मौसम में ठंडक घोलने के साथ-साथ समूचे शहर को तर कर दिया। रविवार को दिन भर रिमझिम और झमाझम बारिश होने से लगा कि सावन का महीना आ गया हो और बादल झूमकर बरसने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी बारिश का दौर जारी रहेगा। ग्वालियर से सीधी तक ट्रफलाइन गुजर रही है। इसकी वजह से सिस्टम सक्रिय है और रविवार को कई जगह मूसलाधार बारिश भी हो गई है। साथ ही आज सोमवार को भी बारिश का सिलसिला देखने को मिलेगा।



इसकी वजह से तापमान में भी गिरावट देखी जाएगी। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बीते दिन शनिवार को अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। यह रविवार को 3.6 अंक घटकर 30.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम है। इसी तरह शनिवार को न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस आंका गया था जबकि रविवार को 0.3 अंक घटकर 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह भी सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस माइनस में आका गया। रविवार को सुबह की आद्रता 95 प्रतिशत तथा शाम की आद्रता 100 प्रतिशत आंकी गई। रविवार की सुबह 8.30 बजे तक 7.7 मिली मीटर बारिश हुई थी। जबकि शाम 5.30 बजे तक 44.4 मिली मीटर बारिश और हो गई। इस तरह इस महीने में अब तक 75.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जुलाई माह की बात करें तो 334.2 मिलीमीटर बारिश हुई थी और जून माह में 145.3 मिलीमीटर बारिश होना रिकॉर्ड हुआ था। इस तरह सीजनल बारिश कुल 554.7 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर में सामान्य औसत बारिश का कोटा 730 मिलीमीटर है। इस तरह अभी 180 मिली मीटर बारिश की और दरकार है तो वहीं यह बारिश अब तक की 200 मिमी से अधिक हो चुकी है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478